वर्ष : 34 ▸ अंक :39 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 16 अप्रैल 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

नेशनल हेराल्ड केस



# मुश्किल में गांधी परिवार

- ईडी की चार्जशीट में राहुल, सोनिया गांधी समेत सैम पित्रोदा का नाम
- दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले पर 25 अप्रैल को सुनवाई
- कांग्रेस बोली- मोदी, शाह धमका रहे

## ईडी ने दाखिल की पहली चार्जशीट

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई अन्य नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज किया गया है। चार्जशीट 9 अप्रैल को विशेष अदालत में दाखिल की गई थी, जिसे विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने संज्ञान के बिंदु पर परखा। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 अप्रैल 2025 की तारीख तय की है।

### ईडी से मांगी गई केस डायरी

जज ने अपने आदेश में कहा, प्रस्तुत अभियोजन शिकायत को संज्ञान के पहलू पर विचार के लिए 25 अप्रैल 2025 को आगे लिया जाएगा। उस दिन ईडी के विशेष वकील और जांच अधिकारी को केस डायरी भी अदालत में प्रस्तुत करनी होगी, ताकि अदालत उसे देख सके।



"नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए राज्य प्रायोजित अपराध है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। हालांकि, कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। सत्यमेव जयते।

**-जयराम रमेश,** कांग्रेस नेता

### ईडी ने तेज की प्रक्रिया

ईडी ने हाल ही में इस केस के तहत 661 करोड रुपये की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में स्थित इन प्रॉपर्टीज को कब्जे में लेने के लिए संबंधित रजिस्ट्रार्स को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। खासतौर पर दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस को लेकर कार्रवाई तेज हो गई है। मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में स्थित हेराल्ड हाउस की सातवीं से नौवीं मंजिल तक जिस दफ्तर को जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड किराए पर चला रही है, उसे भी नोटिस देकर कहा गया है कि अब वह किराया ईडी को दिया जाए।

### कैसे सामने आया यह मामला ?

इस मामले की जड़ 2014 में उन निजी केस जुड़ीं हैं जिसे बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांधी परिवार और उनके करीबी साथियों ने महज 50 लाख रुपये देकर 2000 करोड से ज्यादा की संपत्ति वाली कंपनी एजेएल को कब्जा कर लिया। ईडी ने नवंबर 2023 में 661 करोड रुपये की अचल संपत्ति और 90 .2 करोड रुपये के शेयर अस्थायी रूप से अटैच किए थे, जिसे अप्रैल 2024 में एडजुडीकेटिंग अथॉरिटी ने भी मंजूरी दे दी थी।

मुर्शिदाबाद हिंसा

# जांच में बांग्लादेशी उपद्रवियों के हाथ!

- गृह मंत्रालय को प्रारंभिक जांच में मिली जानकारी
- स्थानीय नेताओं से मदद मिलने के बाद ही बेकाबू हुए उपद्रवी



एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा की शुरुआती जांच में बांग्लादेशी उपद्रवियों के शामिल होने के संकेत मिले हैं। मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने गृह मंत्रालय (एमएचए) को प्रारंभिक जांच की जानकारी दी। जांच में यह भी पता चला है कि उपद्रवियों को शुरू में स्थानीय नेताओं से मदद मिली होगी, लेकिन बाद में वे बेकाबू हो गए। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने राज्य प्रशासन को अन्य संवेदनशील जिलों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की सलाह दी।

### बीसएफ की 9 कंपनियां तैनात

हिंसा की वारदात को लेकर केंद्रीय गृह सचिव पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के लगातार संपर्क में हैं। गृह मंत्रालय ने मुर्शिदाबाद में सीमा सुरक्षा बल की करीब नौ कंपनियां यानी 900 जवान तैनात किए हैं। इन नौ कंपनियों में से 300 बीएसएफ जवान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार के अनुरोध पर अन्य अतिरिक्त कंपनियां भी तैनात की गई हैं।

### पुलिस की निष्क्रियता पर मांगा स्पष्टीकरण

गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के तीन सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त की है और एहतियात के तौर पर अतिरिक्त अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। इसके अलावा, मुर्शिदाबाद जिले में निषेधाज्ञा लागू है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। केंद्र ने राज्य सरकार से जान-माल की रक्षा करने में विफलता, रेलवे संपत्तियों पर हमले और हिंसा के शुरुआती चरणों के दौरान पुलिस की निष्क्रियता के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है।

न्यूज़ ब्रीफ

### अमरावती को नए एयरपोर्ट की सौगात, सीएम करेंगे उद्घाटन

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती में नवनिर्मित एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है, जिसका उद्घाटन बुधवार (16 अप्रैल) को राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों होने वाली है। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर बेलोरा में स्थित लंबे समय से प्रतीक्षित अमरावती हवाई अड्डा 16 अप्रैल को नियमित यात्री उड़ान संचालन शुरू करने के लिए तैयार है। जो इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी और विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और बीजेपी नेत्री नवनीत राणा कल एक ही विमान से यात्रा करेंगे। मुंबई हवाई अड्डे से सुबह 9 बजे यह विमान अमरावती के बेलोरा हवाई अड्डे के लिए रवाना होगा और सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर वहां लैंड करेगा।

### कांग्रेस नेता समेत कई लोगों के ठिकानों पर छापे

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 48 हजार करोड़ रुपये के पीएसीएल पोंजी धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को जयपुर में करीब 15 स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और कुछ अन्य के परिसरों पर की गई। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने खाचरियावास के जयपुर स्थित घर और एक अन्य व्यक्ति कुलवंत सिंह के घर को भी खंगाला। कार्रवाई के दौरान ईडी के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टीम तैनात की गई थी। यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही। खाचरियावास पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में परिवहन, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। वे सिविल लाइंस (जयपुर) सीट से विधायक रहे हैं। वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के भतीजे हैं। कार्रवाई को लेकर खाचरियावास ने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि वह राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार के खिलाफ बोलते रहते हैं। कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह ईडी से डरते नहीं हैं। धनशोधन मामले की जांच 2015 में शुरू की गई। यह मामला पीएसीएल इंडिया लिमिटेड, पीजीएफ लिमिटेड, पीएसीएल के दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू और अन्य के खिलाफ निवेशकों को धोखा देने से जुड़ा है। मामले में सीबीआई ने केस दर्ज किया है। ईडी के अनुसार पोंजी स्कीम के नाम पर निवेशकों को लगभग 48 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

# हिरासत में कैदियों की मौत पर परिजनों को मिलेगा मुआवजा

मुआवजा देने की नीति को राज्य मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की जेलों में हिरासत के दौरान अप्राकृतिक कारणों से हुई मौत के मामलों में परिजनों को मुआवजा देने की नीति को मंजूरी दे दी है। यह फैसला राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (NHRC) के निर्देशों के तहत लिया गया है।

नई नीति के अनुसार, अगर कैदियों की मौत काम के दौरान हादसे, जेल कर्मियों की लापरवाही, आपसी झगड़े या जेल अधिकारियों की मारपीट के कारण होती है और जांच में प्रशासन की गलती सामने आती है, तो मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये तक का मुआवजा मिलेगा। वहीं, आत्महत्या के मामलों में एक लाख रुपये की भरपाई की जाएगी।



### किन मामलों में नहीं मिलेगा मुआवजा?

बुजुर्गावस्था, गंभीर बीमारी, जेल से भागते समय दुर्घटना, जमानत पर रहते हुए या इलाज से इनकार करने जैसी स्थितियों में मृत्यु होने पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

### जांच और निर्णय की प्रक्रिया

संबंधित जेल अधीक्षक को प्राथमिक जांच करनी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पंचनामा, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज तैयार कर क्षेत्रीय विभाग प्रमुख को भेजने होंगे। इसके बाद मामला पुणे स्थित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक व महानिरीक्षक (जेल व सुधार सेवा) के पास जाएगा। अंतिम निर्णय राज्य सरकार के स्तर पर लिया जाएगा। यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मी की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

### नगरसेवक ही ला सकेंगे नगराध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने नगर परिषदों और नगर पंचायतों के नगराध्यक्षों को पद से हटाने का अधिकार निर्वाचित सदस्यों को देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल ने इस संबंध में महाराष्ट्र नगरपरिषद, नगरपंचायत व औद्योगिक नगरी अधिनियम-1965 में संशोधन को मंजूरी दी है। सरकार इस पर जल्द अध्यादेश जारी करेगी।

अब नगराध्यक्षों को पद से हटाने के लिए दो-तिहाई निर्वाचित सदस्यों के हस्ताक्षर वाला प्रस्ताव जिलाधिकारी के पास भेजा जाएगा। इसके बाद 10 दिनों के भीतर विशेष सभा बुलानी होगी। इस सभा में बहुमत से नगराध्यक्ष को पद से हटाया जा सकेगा।

पहले केवल 50% सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव भेजा जाता था, लेकिन अंतिम निर्णय राज्य सरकार के स्तर पर होता था। यह प्रक्रिया जटिल और लंबी थी। अब फैसला स्थानीय स्तर पर ही हो सकेगा, जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया तेज होगी।

# अस्पताल ने पीड़िता से इलाज के बदले मांगे थे 10 लाख रुपए

### मामले के लिए बनी कमेटी की प्राथमिक रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी | मुंबई/पुणे

पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में एक गर्भवती महिला की इलाज में देरी के कारण हुई मौत के मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित पांच सदस्यीय जांच कमेटी की प्राथमिक रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कमेटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अस्पताल प्रशासन ने महिला से इलाज शुरू करने से पहले 10 लाख रुपए जमा करने की मांग की थी।

### अस्पताल प्रशासन की असंवेदनशीलता




रिपोर्ट में यह साफ है कि अस्पताल ने महिला का इलाज करने से पहले पैसे की मांग की, जबकि महिला की हालत गंभीर थी। महिला के पति ने भी आरोप लगाया था कि अस्पताल ने इलाज के बदले 10 लाख रुपए की मांग की थी, जिसे उन्होंने तुरंत ढाई लाख रुपए देने का प्रस्ताव दिया, लेकिन फिर भी अस्पताल ने इलाज करने से मना कर दिया। इस देरी के कारण महिला की स्थिति बिगड़ी और अंततः उनकी मौत हो गई।

### कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट

पुणे के धर्मादाय संयुक्त आयुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी ने यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पिछली मंत्रिमंडल बैठक में सौंपी थी। जांच में पाया गया कि अस्पताल ने असंवेदनशीलता दिखाते हुए पैसे की मांग की और इलाज में देरी की, जिससे महिला की हालत बिगड़ गई।

### क्या था मामला?


मोनाली भिसे नामक गर्भवती महिला को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती नहीं किया गया था। उनके पति, सुशांत भिसे, जो भाजपा के विधान परिषद सदस्य अमित गोरखे के निजी सचिव हैं, ने आरोप लगाया कि अस्पताल ने इलाज के बदले 10 लाख रुपए की मांग की थी। सुशांत ने ढाई लाख रुपये देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अस्पताल ने फिर भी इलाज नहीं किया, जिसके बाद मोनाली की मौत हो गई।

# मुंबई से ठाणे रेल सफर के 172 साल पूरे

- अब बनेगा 11 मंजिला ठाणे रेलवे स्टेशन
- 2026 तक तैयार होगा देश का सबसे बड़ा मल्टीस्टोरी रेलवे स्टेशन, मेट्रो-बस-टैक्सी की भी सुविधा

धीरज सिंह/धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

भारत में रेल यात्रा की शुरुआत 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर (अब सीएसएमटी) से ठाणे के बीच हुई थी। यह ऐतिहासिक रेल यात्रा 34 किमी की थी और तीन भाप के इंजनों द्वारा चलाई गई थी। आज इस ऐतिहासिक सफर के 172 साल पूरे हो गए हैं। समय के साथ ठाणे स्टेशन ने भी आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं, और अब यहां 11 मंजिला रेलवे स्टेशन का निर्माण शुरू हो चुका है।



### रोजाना 7 लाख यात्रियों की आवाजाही, अब बनेगा ट्रांसपोर्ट हब

ठाणे स्टेशन आज मुंबई, नवी मुंबई, मीरा रोड, वसई-विरार, कल्याण और भिवंडी को जोड़ने वाला प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां रोजाना लगभग 7 लाख लोग यात्रा करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे और ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) ने मिलकर स्टेशन को बहुमंजिला और बहुउद्देश्यीय रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

### 11 मंजिला इमारत, शॉपिंग मॉल, पार्किंग और बस डेक की सुविधा

स्टेशन के पूर्वी भाग में प्लेटफॉर्म नंबर 10A से जुड़कर करीब 9,000 वर्गमीटर क्षेत्र में इस इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसमें दो मंजिलें यात्री सुविधाओं और परिवहन हब के लिए आरक्षित रहेंगी, जिसमें रिक्शा-टैक्सी स्टैंड, बस डेक और पार्किंग होगी। साथ ही, 24,280 वर्गमीटर का लीज स्पेस भी होगा जिसे 60 साल के लिए लीज पर दिया जाएगा।

### मेट्रो, बस और एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा एलिवेटेड रोड

इस प्रोजेक्ट के तहत 2 .24 किमी लंबा एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा, जो सीधे ईस्टर्न एक्सप्रेसवे को ठाणे रेलवे स्टेशन से जोड़ेगा। इसके अलावा स्टेशन के पश्चिम से पूर्व की ओर जा रहे 2 .5 किमी लंबे फ्लाईओवर को भी इस इमारत से जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रीगण बस या अन्य परिवहन साधनों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

### 2026 तक पूरा होगा प्रोजेक्ट


रेलवे लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी और ठाणे महानगरपालिका इस प्रोजेक्ट को मिलकर डेवलप कर रही हैं। इसका निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है और इसे 30 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक स्टेशन नहीं, बल्कि एक आधुनिक मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनने की दिशा में देश का पहला कदम माना जा रहा है। जहां एक ओर ठाणे स्टेशन देश की पहली रेल यात्रा का गवाह रहा है, वहीं अब यह देश का पहला सबसे ऊंचा और अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन बनने जा रहा है। यह परियोजना केवल परिवहन को बेहतर बनाने का नहीं, बल्कि शहर के विकास का भी बड़ा प्रतीक बनकर उभरेगा।

# महिला पत्रकार पर रेत माफिया का हमला

## ▶▶ पुलिस ने शुरू की जांच

**डीबीडी संवाददाता | रत्नागिरि**

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में रेत माफिया ने एक यूट्यूब चैनल के लिए काम करने वाली महिला पत्रकार स्वाति हडकर पर हमला किया। यह घटना रविवार को घटी, जब हडकर चिपलून में अवैध रेत उत्खनन का वीडियो बनाने गई थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेत माफिया के कुछ सदस्यों ने स्वाति हडकर पर हमला किया, जिसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हडकर ने पहले भी इस क्षेत्र में अवैध रेत खनन के बारे में रिपोर्ट प्रकाशित की थी। पुलिस ने चिपलून पुलिस थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।



### पिछले साल पत्रकार की हत्या

यह मामला रत्नागिरि जिले में पत्रकारों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की एक और कड़ी के रूप में सामने आया है। फरवरी 2023 में राजापुर में एक जमीन डीलर ने पत्रकार शशिकांत वारिशे को एसयूवी से कुचलकर मार डाला था। वारिशे ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिससे वह नाराज था।

# उधार के पैसे नहीं चुका पाया तो युवक की हत्या कर शव जलाया

**डीबीडी संवाददाता | सिंधुदुर्ग**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कर्ज न चुका पाने पर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शव को जलाकर उसकी हड्डियां नदी में फेंक दी गईं। मामले में शिवसेना के स्थानीय पदाधिकारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन को पुलिस हिरासत में भेजा गया है।



**शिवसेना पदाधिकारी समेत तीन गिरफ्तार**

### बेरहमी से की हत्या, वीडियो भी किया रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार, कुडाल निवासी सिद्धिविनायक उर्फ प्रकाश बिडवाकल वर्ष 2023 में अचानक लापता हो गया था। परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई। जांच में पता चला कि बिडवाकल शिवसेना के पदाधिकारी सिद्धेश अशोक शिरसाट के लिए काम करता था और उसने उससे तथा उसके दोस्त गणेश नार्वेकर से कर्ज लिया था, जिसे वह लौटा नहीं सका। इसके बाद आरोपियों ने बिडवाकल को अगवा कर लिया और अमोल शिरसाट के घर में बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने बताया कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और हत्या कर दी गई। इस दौरान आरोपियों ने पिटाई का वीडियो भी रिकॉर्ड किया।

### शव जलाया, हड्डियां नदी में फेंकीं

हत्या के बाद आरोपियों ने शव को श्मशान घाट में जलाया और सबूत नष्ट कर दिए। जलने के बाद बची हड्डियों को दो बोरियों में भरकर सतरदा गांव ले जाकर तेरेखोल नदी में फेंक दिया गया।

### चार आरोपी गिरफ्तार, तीन पुलिस हिरासत में

मामले में पुलिस ने शिवसेना पदाधिकारी सिद्धेश शिरसाट (44), गणेश नार्वेकर (33), सर्वेश केरकर (29) और अमोल शिरसाट (32) को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जिसमें से तीन को पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# रिक्शा चालक ने की आत्महत्या

## ▶▶ साहूकार पर उत्पीड़न का मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण के मोहने जेतवननगर क्षेत्र में एक रिक्शा चालक विजय जीवन मोरे ने आत्महत्या कर ली, जिसके पीछे निजी साहूकार द्वारा किए गए उत्पीड़न को कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में साहूकार और उसकी महिला सहयोगी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

विजय मोरे ने अपने बच्चों के स्कूल शुल्क के लिए साहूकार से कर्ज लिया था, और इस कर्ज को चुकाने के लिए साहूकार और उसकी



महिला सहयोगी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। विजय ने आत्महत्या से पहले एक पत्र में लिखा, 'मैं मन से आत्महत्या कर रहा हूं। कृपया मेरे परिवार को इसके लिए दोषी न ठहराएं। साहूकार द्वारा उत्पीड़न के कारण मेरे परिवार की स्थिति खराब हो गई थी।'

### पुलिस जांच में सामने आई उत्पीड़न की सच्चाई

विजय के भाई राजू मोरे के अनुसार, साहूकार और महिला रात के समय विजय के घर आकर उसे गालियां देते थे और कर्ज की राशि चुकाने के लिए दबाव डालते थे। पुलिस ने इस पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू की है और मिलिंदनगर के निजी साहूकार और उसकी महिला सहयोगी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# बरी हुआ आरोपी

## नाबालिग लड़की के पीछा करने और हमला करने का था आरोप

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले की एक विशेष अदालत ने 25 वर्षीय युवक को नाबालिग लड़की का पीछा करने और उस पर हमला करने के आरोप से बरी कर दिया है। अदालत ने अभियोजन पक्ष को आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल पाया। विशेष न्यायाधीश डी. एस. देशमुख ने भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की मर्यादा भंग करने का इरादा), पीछा करने, धमकाने



और पोक्सो अधिनियम, 2012 के तहत लगे आरोपों से आरोपी को बरी कर दिया। यह आदेश 4 अप्रैल को पारित किया गया था, जिसकी प्रति सोमवार को उपलब्ध हुई।

### गवाहों की गवाही में कमजोरी

अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने अगस्त 2020 से जनवरी 2021 के बीच 15 वर्षीय लड़की का पीछा किया और उसकी मर्यादा भंग की। हालांकि, आरोपी के वकील सुधाकर आर. पराड ने अभियोजन के दावे और पुलिस जांच की कमजोरी को अदालत के सामने उजागर किया।

### साक्ष्यों की कमी से आरोपी को बरी किया गया

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में केवल पुष्टिकारक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने माना कि लड़की नाबालिग थी, लेकिन गवाही में ठोस तथ्य नहीं मिले। लड़की के पिता ने अदालत में यह स्वीकार किया कि उन्होंने गलतफहमी के चलते झूठा बयान दिया था। वहीं, पीड़िता ने खुद कबूल किया कि उसने आरोपी से दोस्ती तोड़ने के लिए शिकायत की थी और बयान दर्ज करवाते समय वह डरी हुई थी। अदालत ने यह भी कहा कि इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट कर बदनाम करने जैसा कोई पुख्ता सबूत रिकॉर्ड में नहीं हैं। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के अपराध को संदेह से परे सिद्ध नहीं कर सका और उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# कांग्रेस और उद्धव पार्टी को बड़ा झटका

**धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे**

आगामी महानगर पालिका चुनाव को देखते हुए भाजपा ने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है और इसी बीच अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ठाणे शहर में कांग्रेस और उद्धव गुट को बड़ा झटका देते हुए कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

### *बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल*




### भाजपा में शामिल हुए बड़े नेता और कार्यकर्ता


कांग्रेस के ठाणे जिला सचिव अमित कल्याण राय, शिवसेना (उद्धव) गुट के स्वास्थ्य सेल के अखिलेश पाल, जनता पार्टी ठाणे जिला अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा समेत कई प्रमुख नेताओं ने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। भाजपा विधायक संजय केलकर, निरंजन डावखरे, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, पूर्व नगरसेवक निशांत भगत, युवा ठाणे जिला शहर अध्यक्ष सूरज दलवी, और सचिन मोरे की उपस्थिति में इन नेताओं ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की।

# महिला ने चोरी की कोशिश को नाकाम किया, एक आरोपी गिरफ्तार

### चोरों से संघर्ष में महिला घायल दूसरे आरोपी की तलाश जारी

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

महाराष्ट्र के पालघर शहर में एक महिला ने अपने घर पर चोरी की कोशिश को बहादुरी से नाकाम कर दिया। घटना सोमवार शाम की है, जब दो चोरों ने महिला के घर में घुसने की कोशिश की। महिला और उसके पड़ोसियों ने एक आरोपी को पकड़



लिया, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, महिला और उसके पति समुद्र तट के पास शाम की सैर के लिए गए थे। जब वे लौटे, तो उन्होंने अपने घर में दो घुसपैठियों को पाया, जो पहले ही सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान पैक कर चुके थे। घुसपैठियों के अचानक भागने की कोशिश के बावजूद, महिला ने उनमें से एक को पकड़ लिया और उसे नीचे गिराने की कोशिश की।

### घटना के दौरान महिला को चोट आई

जब महिला ने एक आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, तो एक घुसपैठिए ने उसके हाथ पर स्पैनर से वार किया। चोट लगने के बावजूद, महिला ने साहस नहीं खोया और शोर मचाकर मदद के लिए पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों के साथ मिलकर, महिला ने आरोपी को तब तक पकड़कर रखा, जब तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

### आरोपी की गिरफ्तारी और मामले की जांच

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 40 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, और उसकी हालत में सुधार हो रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत घर में सेंधमारी, चोरी और डकैती के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं, दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छानबीन जारी है।

# टीएमसी ने हटाए 665 अवैध बैनर और होर्डिंग्स

## ▶▶ आयुक्त सौरभ राव के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) ने सोमवार को शहरभर में अवैध रूप से लगाए गए खतरनाक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 665 अनधिकृत बैनर और पोस्टर हटाए। यह अभियान नगर आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत सड़क डिवाइडरों, पैदल पथों, बिजली के खंभों और पेड़ों पर खतरनाक ढंग से लगाए गए बैनर-



पोस्टर हटाए गए। अधिकारियों ने बताया कि तेज हवा में ये अवैध होर्डिंग्स दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं, इसलिए इन्हें हटाना जरूरी हो गया था। नौपाड़ा में 76 ,कोपरी ठाणे पूर्व में 54, वागले इस्टेट में 55, लोकमान्य नगर में 66, वर्तक नगर 65,माजीबड़ा, मानपाड़ा 67, उथलसर में 53,कलवा में 72मुंब्रा में 75 तथा दिवा क्षेत्र में 82बैनर पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई है।

# पांडुरंग बरोरा ने भाजपा में किया प्रवेश

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

पिछले दो विधानसभा चुनावों में हार का सामना करने वाले पूर्व विधायक पांडुरंग बरोरा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) में शामिल होने का निर्णय लिया। बरोरा ने 2010 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के उम्मीदवार दौलत दरोडा से हार का सामना किया था। दिलचस्प बात यह है कि 2019 में वे शिवसेना में थे, जहां भी वे चुनाव हार गए थे। बरोरा पहले एनसीपी से विधायक रहे थे। ठाणे जिले का शहापुर निर्वाचन क्षेत्र पिछले तीन दशकों से दो प्रमुख परिवारों के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का गवाह रहा है। बरोरा और दरोडा परिवारों के बीच सात विधानसभा चुनावों में सीधा मुकाबला हुआ है। इन चुनावों में दौलत दरोडा ने पांच बार जीत दर्ज की है। यह क्षेत्र पहले कांग्रेस के अंतर्गत आता था, लेकिन बाद में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के



बीच इसका कब्जा बदलता रहा। शहापुर क्षेत्र में बरोरा परिवार और दरोडा परिवार के बीच पिछले कई वर्षों से संघर्ष जारी है। पांडुरंग बरोरा का भाजपा में प्रवेश इस क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण को बदलने की संभावना उत्पन्न करता है। भाजपा में शामिल होने के बाद बरोरा के समर्थकों को उम्मीद है कि भाजपा इस सीट पर मजबूत दावेदारी पेश कर सकती है।

### आगे की राजनीति: भाजपा का समर्थन?

शहापुर में अजीत पवार के महागठबंधन में शामिल होने के बाद इस सीट को एनसीपी ने अपना लिया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या भाजपा इस सीट पर अपनी स्थिति मजबूत करेगी या फिर शिवसेना का समर्थन करेगी। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा गर्म हो रही है कि बरोरा का भाजपा में शामिल होना भविष्य में किस तरह का राजनीतिक परिदृश्य बनाएगा।

### कपिल पाटिल की भूमिका और आने वाली चुनौतियाँ

भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल की पहल पर पांडुरंग बरोरा ने भाजपा में कदम रखा है। पाटिल का मानना है कि बरोरा का भाजपा में शामिल होना शाहपुर क्षेत्र में पार्टी की ताकत को बढ़ाएगा। हालांकि, यह देखना होगा कि आगामी चुनावों में भाजपा और अन्य राजनीतिक दल इस सीट पर किस प्रकार का रणनीतिक खेल खेलते हैं।

# चिखलोली में नया न्यायालय स्थापित करने को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे/मुंबई**

ठाणे जिले के अंबरनाथ स्थित चिखलोली में दिवानी न्यायालय (कनिष्ठ स्तर) और न्यायदंडाधिकारी प्रथम वर्ग न्यायालय की स्थापना को महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। यह नया न्यायालय उल्हासनगर क्षेत्र से 15,569 मामलों के स्थानांतरण का भार संभालेगा।

चिखलोली स्थित नए न्यायालय में उल्हासनगर से 14,134 फौजदारी और 1,035 दिवानी मामले भेजे जाएंगे। इससे क्षेत्र में वर्षों से लंबित मामलों के निपटारे की गति बढ़ेगी



और न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता आएगी। इस न्यायालय में 12 नियमित पदों और 4 पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरने की अनुमति दी गई है। इनमें दिवानी न्यायाधीश कनिष्ठ स्तर, न्यायदंडाधिकारी प्रथम वर्ग, सहायक अधीक्षक, दो वरिष्ठ लिपिक, चार कनिष्ठ लिपिक, तीन बेलिफ आदि शामिल हैं।

### 84 लाख रुपए से अधिक खर्च को स्वीकृति

सरकार ने इस न्यायालय की स्थापना के लिए 84 लाख 40 हजार 332 रुपए के खर्च को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से क्षेत्रीय न्यायिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को त्वरित न्याय प्राप्त हो सकेगा।

# पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के झांसे में फंसे युवक को जमानत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के झांसे में फंसे युवक को जमानत देते हुए कहा कि युवा अपराधियों के मामलों में सजा के बजाय सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। अदालत ने यह निर्णय उस युवक के मामले में लिया, जिसने सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र नौसेना डॉकयार्ड की गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को दी थी। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता की आयु बहुत कम है और यदि उसे जेल में रखा जाता है, तो वह अपराध की दुनिया में और भी गहरे डूब सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि युवा अपराधियों के साथ ऐसे मामलों में यह सुनिश्चित किया जाना



चाहिए कि सजा के बजाय उन्हें सुधारने और पुनर्वास के अवसर मिले, ताकि वे भविष्य में समाज के अच्छे नागरिक बन सकें। अदालत ने पहले से लगभग 1 साल और 4 महीने से जेल में बंद इस युवक को जमानत देने का आदेश दिया। अदालत ने यह माना कि युवक की सजा में सुधारात्मक दृष्टिकोण की दिशा में हर संभव अवसर अपनाया जाना चाहिए, खासकर जब आरोपी की आयु कम हो।

### क्या था मामला?

यह घटना दिसंबर 2023 की है, जब ठाणे आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने युवक गौरव अर्जुन पाटील को गिरफ्तार किया था। युवक पर आरोप था कि उसने आईएसआई के तीन एजेंटों से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती की थी और उन्हें नौसेना डॉकयार्ड की गोपनीय जानकारी दी थी। पाटील, जो जलगांव का निवासी है, ने मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में अप्रेंटिसशिप की थी और वहां से जानकारी लीक की थी।

# ऐरोली में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

## नगर निगम ने किया ध्वस्तीकरण

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई महानगरपालिका (NMMC) ने ऐरोली में एक अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलाया। यह कार्रवाई तब की गई जब संपत्ति मालिक ने पूर्व में भेजे गए नोटिस का पालन नहीं किया।



यह अभियान नगर आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशों पर, अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेटे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) श्री भगवत दोइफोडे की देखरेख में चलाया गया। ऐरोली के सेक्टर 3 में F-216 पर स्थित यह अवैध संरचना अनिल पोपट पाटिल की थी, जिसे नागरिक निकाय से अनुमति के बिना निर्माण किया गया था।

### ध्वस्तीकरण अभियान की कार्यवाही

ध्वस्तीकरण टीम का नेतृत्व एयरोली प्रभाग के सहायक आयुक्त सुनील कठोले और जूनियर इंजीनियर संदीप माथरे ने किया, जिसमें G प्रभाग और नगर निगम अतिक्रमण पुलिस दल के सहायक कर्मचारियों ने सहयोग किया। इस अभियान में गैस कटर, दो हथौड़े और आठ मजदूरों की टीम का इस्तेमाल किया गया।

# मीरा-भायंदर पुलिस ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए बॉडी कैमरे शुरू किए



**डीबीडी संवाददाता | मीरा-भायंदर**

मीरा-भायंदर वसई विरार (MBVV) पुलिस आयुक्तालय ने पारदर्शिता बढ़ाने और कानून प्रवर्तन की प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए बॉडी कैमरे शुरू किए हैं। यह पहल महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री के 100 दिन के एक्शन प्लान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पुलिसिंग में उन्नत तकनीकी का समावेश करना है। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे (आईपीएस) ने 15 अप्रैल 2025 को ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को बॉडी कैमरों की पहली खेप में 20 कैमरे वितरित किए। कुल मिलाकर, आयुक्तालय में 200 ऐसे उपकरणों का वितरण किया जाएगा।

### ट्रैफिक पुलिस के कार्यों में बढ़ी पारदर्शिता

ये बॉडी वॉर्न कैमरे, जिन्हें बॉडी वॉर्न वीडियो (BWV) डिवाइस भी कहा जाता है, छोटे, पहनने योग्य सिस्टम होते हैं जो उच्च गुणवत्ता वाली ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग कर सकते हैं। ये कैमरे आमतौर पर छाती, कंधे या कमर पर पहने जाते हैं और ट्रैफिक पुलिस द्वारा जनता के साथ की गई वास्तविक समय की बातचीत को रिकॉर्ड करेंगे। यह कदम दोनों पक्षों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए है। बॉडी कैमरों का उद्देश्य ट्रैफिक पुलिस संचालन की प्रभावशीलता को डिजिटल युग में बढ़ाना है। इन कैमरों का उपयोग पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर, खासकर ट्रैफिक जंक्शनों, हाईवे और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर करेंगे।

# पंजीकृत चिकित्सकों को सेवा देने के बदले में मिलेंगे क्रेडिट पॉइंट

## ▶▶ ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की पहल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के उद्देश्य से पंजीकृत चिकित्सकों से स्वेच्छा से काम करने की अपील की है। उन्होंने महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दी गई सेवाओं के बदले चिकित्सकों को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) प्रणाली के तहत क्रेडिट पॉइंट्स दिए जाएं, जिन्हें मेडिकल लाइसेंस के नवीनीकरण के समय उपयोग किया जा सके।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब है और आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण वहां के नागरिकों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल पाता।



उन्होंने बताया कि अगर पंजीकृत चिकित्सक स्वेच्छा से गांवों में सेवा देंगे, तो इससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं गांवों तक पहुंच सकेंगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल ने सीएमई प्रणाली में कुछ अहम सुधार किए हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल के तहत लगभग दो लाख चिकित्सक कार्यरत हैं और हर पांच साल में उनके मेडिकल लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाता है। अब से इन चिकित्सकों को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में भाग लेने के लिए क्रेडिट पॉइंट्स मिलेंगे, जिनका उपयोग मेडिकल लाइसेंस के नवीनीकरण में किया जा सकेगा।

# दो शूटर्स को बॉम्बे हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

## डबल मर्डर केस में उम्रकैद की सजा बरकरार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन गैंग के दो सदस्यों की अपील खारिज कर दी, जो 2010 में जेजे अस्पताल के पास गोलीबारी के दौरान दो लोगों की हत्या के दोषी थे।

### गोलीबारी में दो की मौत, दाऊद के सहयोगी पर हमला

यह घटना 13 फरवरी 2010 को हुई थी, जब चार लोगों ने दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी आसिफ खान पर गोलीबारी की कोशिश की। हालांकि, आसिफ खान वहां से भागने में सफल रहा, लेकिन कांग्रेस नेता भाई जगताप के प्राइवेट सेक्रेटरी शकील मोदक और उनके दोस्त आसिफ कुरैशी की गोलीबारी में मौके पर ही मौत हो गई। एक राहगीर गंगूबाई भी गोलीबारी में घायल हो गईं। आरोप है कि गोली चलाने का आदेश राजन के गुर्गे उम्मेद ने दिया था, क्योंकि खान दाऊद का करीबी था।



### मुंबई सेशन कोर्ट का फैसला और अपील

मुंबई सेशन कोर्ट ने इस मामले में राजन और दो अन्य को बरी कर दिया था, जबकि दो शूटर मोहम्मद अली शेख और प्रणय राणे को दोषी ठहराया गया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई। इसके बाद दोनों दोषी आरोपियों ने इस फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में अपील दायर की।

### साक्ष्य और गवाही की महत्वपूर्ण भूमिका

अदालत ने अभियोजन पक्ष के पक्ष में पेश किए गए सबूतों की चर्चा की, जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी से प्राप्त हथियार और चार जिंदा कारतूस शामिल थे। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि चार चश्मदीद गवाहों की गवाही और हथियार की बरामदगी से आरोपियों का अपराध साबित होता है। विशेष सरकारी वकील प्रदीप घरात ने अदालत को बताया कि अभियोजन का पूरा मामला आसिफ खान की गवाही पर आधारित था, जबकि आरोपी के वकील ने इसे चुनौती दी।

### अदालत का निर्णय

अदालत ने गंगूबाई की गवाही को खारिज कर दिया, जो गोली लगने के बाद बेहोश हो गई थीं, लेकिन अन्य तीन चश्मदीद गवाहों से आरोपियों के खिलाफ ठोस प्रमाण पाए गए। जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और डॉ. नीला गोखले की बेंच ने कहा कि अभियोजन ने ठोस और स्वीकार्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोषी साबित किया है।

'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद

# साइबर सेल ने पैनलिस्ट्स के बयान किए दर्ज



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल की टीम ने मंगलवार को सभी पांच पैनलिस्ट्स - समय रैना, रणवीर इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी के बयान दर्ज किए हैं।

### शो में अभद्र बातचीत पर उठे सवाल

यह जांच फरवरी में समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में रणवीर के संदर्भ में की जा रही है। शो में रणवीर को एक प्रतियोगी के साथ अभद्र बातचीत करते हुए दिखाया गया था, जिससे समाज में आक्रोश फैल गया था। इसके बाद साइबर सेल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### समय और रणवीर से तीसरी बार पूछताछ

साइबर सूत्रों के अनुसार, महाराष्ट्र साइबर सेल ने समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया से तीसरी बार पूछताछ की। इससे पहले, साइबर सेल ने कंटेंट क्रिएटर अपूर्व मुखीजा और आशीष चंचलानी से भी बयान दर्ज किए थे, जो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवादास्पद एपिसोड का हिस्सा थे।

### समय रैना की पेशी

इससे पहले, स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना 28 मार्च को भी महाराष्ट्र साइबर सेल के अधिकारियों के सामने पेश हुए थे और छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी। वह लंबे समय से भारत में नहीं थे, लेकिन समन मिलने के बाद हाल ही में देश लौटे थे।

### साइबर सेल की जांच जारी

शो के सभी पैनलिस्ट्स समय रैना, रणवीर इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी ने महाराष्ट्र साइबर सेल में अपना बयान दर्ज कराया। अपूर्व मुखीजा बयान दर्ज कराने के बाद दफ्तर से निकल गईं। हालांकि, साइबर सेल ने दर्ज किए गए बयानों के बारे में कोई अधिकृत जानकारी मीडिया को नहीं दी है।

# सहारा के एंबी वैली को ईडी ने किया कुर्क



## 1460 करोड़ रुपये है बाजार में कीमत

## 707 एकड़ भूमि में फैली है संपत्ति

**मुंबई/पुणे।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक गंभीर मामले में सहारा समूह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। महाराष्ट्र के लोनावाला में 707 एकड़ में फैली एंबी वैली सिटी को ईडी ने पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) के तहत अनंतिम रूप से कुर्क कर लिया है। मंगलवार को जांच एजेंसी ने इस संबंध में जानकारी साझा की।

### बाजार मूल्य 1460 करोड़, बेनामी नामों से खरीदी गई थी जमीन

एजेंसी के मुताबिक, पुणे जिले की यह आलीशान संपत्ति सहारा समूह की विभिन्न कंपनियों के जरिये निकाले गए धन से खरीदी गई थी और इसे बेनामी नामों पर लिया गया था। इससे निवेशकों को धोखा दिया गया और उनकी सहमति के बिना धन का पुनर्निवेश कराया गया।

### तीन राज्यों की एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी जांच

ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई ओडिशा, बिहार और राजस्थान की पुलिस द्वारा मेसर्स हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (HICCSL) और सहारा समूह से जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है। इन मामलों में 500 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं।

जांच में सामने आया कि सहारा समूह की कंपनियों ने लोगों को उच्च रिटर्न का झांसा देकर निवेश कराया, लेकिन समय पर परिपक्वता भुगतान नहीं किया। इतना ही नहीं, उनकी जानकारी और सहमति के बिना धन को बार-बार पुनर्निवेश के लिए मजबूर किया गया।

# सलमान खान को धमकी देने वाला व्यक्ति निकला मानसिक रोगी

## पुलिस ने जारी किया नोटिस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला व्यक्ति मानसिक रोगी पाया गया है। गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तहसील में रहने वाले इस व्यक्ति की पहचान 26 वर्षीय मयंक पांड्या के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे नोटिस जारी कर मुंबई आने का निर्देश दिया है ताकि पूछताछ की जा सके।



### धमकी देने वाले का मानसिक स्वास्थ्य जांचा गया

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सलमान खान को धमकी देने वाली फोन कॉल को ट्रेस करने के बाद यह जानकारी सामने आई कि यह कॉल गुजरात के वाघोडिया गांव से की गई थी। सोमवार को मुंबई पुलिस की एक टीम वाघोडिया पहुंची और मयंक पांड्या को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान यह पता चला कि मयंक मानसिक रूप से बीमार है और उसका इलाज चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसे नोटिस देकर मुंबई आने का आदेश दिया।

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राशन वितरण कार्यालय स्थापित करने का निर्णय

## मुंबई और ठाणे में नागरिक आपूर्ति प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने की योजना




**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई और ठाणे क्षेत्रों में राशन वितरण कार्यालयों के पुनर्गठन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक राशन वितरण कार्यालय स्थापित किया जाएगा।

### मुंबई और ठाणे में राशन वितरण व्यवस्था में सुधार

इस पुनर्गठन के तहत मुंबई और ठाणे में एक सर्कल कार्यालय और पांच नए राशन वितरण कार्यालय बनाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस कदम से इन क्षेत्रों में नागरिक आपूर्ति प्रणाली को और अधिक कुशल बनाया जा सकेगा।

### बैठक में मौजूद थे कई वरिष्ठ अधिकारी


इस बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे, जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव डॉ. राजेश देशमुख, सचिव जयश्री भोज और राशन वितरण नियंत्रक सुधाकर तेलंग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और राशन दुकानदार संघों के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

नगर परिषद, नगर पंचायत और औद्योगिक क्षेत्रों के करदाताओं को बड़ी राहत

# बकाया संपत्ति कर पर दंड माफी, राज्य सरकार ने लागू की अभय योजना

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने नगरपरिषद, नगरपंचायत और औद्योगिक शहरी क्षेत्रों में बकाया संपत्ति कर वसूली को गति देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य मंत्रिमंडल ने बकाया कर पर लगने वाले दंड को माफ कर अभय योजना लागू करने को मंजूरी दे दी है। यह योजना करदाताओं को राहत देने के साथ-साथ लंबित कर वसूली बढ़ाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।



### पहली बार हुआ है संशोधन

इससे पहले कानून में दंड माफी का कोई प्रावधान नहीं था। इसलिए कैबिनेट ने संबंधित अधिनियम में बदलाव कर इस माफी को वैधता दी है।

### क्या है योजना का लाभ?

बकाया कर पर लगने वाला 2% मासिक दंड माफ किया जाएगा। दंड की राशि कई बार मूल कर से भी ज्यादा हो जाती थी, जिससे करदाता भुगतान टालते रहते थे। अब सिर्फ मूल कर चुकाकर संपत्ति धारक राहत पा सकेंगे।

**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**

**पाणी पुरवठा विभाग**

**निविदा सूचना क्र.०५/२०२५-२६**

आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील (एक) कामाकरीता योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत (सी.पी.डब्ल्यू.डी/ सार्वजनिक बांधकाम महाराष्ट्र शासन/सीडको/बृहन्मुंबई महानगरपालिका /रेल्वे/मजीप्रा) कंत्राटदाराकडून निविदा मागवीत आहे.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक १६/०४/२०२५ ते २३/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि. २३/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि. २४/०४/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल.

सदर कामांची निविदा पूर्व बैठक दि.२१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वा. शहर अभियंता, क.डों.म.पा., कल्याण यांचे दालनात घेण्यात येईल.

कोणतीही निविदा किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचा अधिकार आयुक्त कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका यांनी राखुन ठेवला आहे व त्यांचा निर्णय कायदेशीररीत्या सर्व निविदांकारांसाठी बंधनकारक राहील.

सही/-
कार्यकारी अभियता (यांत्रिकी)
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण.

जा. क्र. कडोंमपा/जसंवि/मुका/ ४२
दिनांक- १५/०४/२०२५

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

## शिवड़ी पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला किया दर्ज




**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मंगलवार तड़के ईस्टर्न फ्री वे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कार सवार छह लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 4.50 बजे ऑरेंज गेट के पास हुआ।

### मृतकों और घायलों की पहचान

हादसे में विनोद वैद्य (52) और अनीता जयसवार (60) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खुशबू राजभर, गीता राजभर, सुलेखा विनोद वैद्य और ड्राइवर चेतन नंदू पाटील गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज जेजे अस्पताल में चल रहा है।

### लापरवाही बनी हादसे की वजह

शिवड़ी पुलिस के अनुसार, कार टाणे के कलवा से मछली विक्रेताओं को लेकर दक्षिण मुंबई की ओर जा रही थी। ईस्टर्न फ्री वे पर ऑरेंज गेट के पास रैंप से उतरते समय चालक चेतन पाटील ने कार पर नियंत्रण खो दिया और वाहन डिवाइडर से टकरा गया।

### मामला दर्ज

पुलिस उपायुक्त मोहित गर्ग ने बताया कि सभी घायलों की हालत अभी स्थिर है। वहीं, चालक चेतन पाटील के खिलाफ तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाने और गैर इरादतन हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बीएमसी के खिलाफ उद्धव गुट का मार्च, कई शिवसैनिक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुंबई में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर शिवसेना (ठाकरे) गुट ने मुंबई महानगरपालिका के विभिन्न विभागीय कार्यालयों के खिलाफ मार्च की शुरुआत की। हालांकि, पहले ही दिन गिरगांव, दादर और वडाला में पुलिस ने भारी संख्या में शिवसैनिकों को गिरफ्तार कर लिया और मार्च की अनुमति नहीं दी। शिवसेना (ठाकरे) ने दूषित और अपर्याप्त जलापूर्ति, अधूरी और खराब सड़कें, मुंबईकरों पर थोपे गए कचरा कर और बीएमसी में प्रशासनिक शासन के नाम पर राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

पार्टी नेता आदित्य ठाकरे ने पिछले सप्ताह ही आंदोलन की चेतावनी दी थी। योजना के अनुसार, इस सप्ताह मुंबई के 24 विभागीय कार्यालयों पर मार्च निकाला जाना है। मंगलवार को आंदोलन की शुरुआत गिरगांव (सी डिवीजन), दादर-माहिम (जी उत्तर डिवीजन) और वडाला-नायगांव (एफ उत्तर डिवीजन) में मार्च से हुई। पहले ही दिन पुलिस ने सख्ती बरतते हुए कई शिवसैनिकों को हिरासत में लिया और इन क्षेत्रों में मार्च की अनुमति नहीं दी। इससे आंदोलन को पहले ही दिन झटका लगा।

बुधवार को शिवसैनिक तरवारली, प्रभादेवी के जी साउथ कार्यालय और परेल, सेवरी के एफ साउथ डिवीजन कार्यालय तक मार्च निकालेंगे। पार्टी ने साफ किया है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मुंबईकरों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जातीं।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**श्रीम. म. तु. अग्रवाल महानगरपालिका सामान्य अस्पताल, मुलुंड (पश्चिम), मुंबई-400080**

संख्या. एमजीएच/290/एएमडब्लू दिनांकित. 15.04.2025

**सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के टी सेक्शन से श्रीम. म.तु. अग्रवाल महानगरपालिका सामान्य अस्पताल, मुलुंड (पश्चिम),यहां माननीय मनपा आयुक्त के दिनांक 20 मार्च 2025 के अनुमोदन के अनुसार एमजीसी/एच/5810/, 5 पूर्णकालिक सहायक उम्मीदवारों को एक स्थानीय मान्यता प्राप्त एनजीओ से 2 साल की अवधि (179 दिनों के बाद एक दिन के ब्रेक के साथ) के लिए अस्थायी अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। उक्त सेवा का लाभ उठाने के लिए मुंबई पब्लिक ट्रस्ट सिस्टम के तहत गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से सीलबंद लिफाफे में आवेदन (आशय पत्र) आमंत्रित किए जा रहे हैं।

इच्छुक संस्थाओं को आवेदन पत्र श्री. म. तु. अग्रवाल महानगरपालिका सामान्य अस्पताल, मुलुंड (पश्चिम), रु. 7260/- और उससे अधिक की राशि का भुगतान नकद या राष्ट्रीयकृत बैंक के डीडी द्वारा माल और सेवा कर चालान प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। इसे "बृहन्मुंबई महानगरपालिका" के नाम से महानगरपालिका के नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) में जमा किया जाना चाहिए और 16.04.2025 से 24.04.2025 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच प्राप्त किया जाना चाहिए (सार्वजनिक अवकाश और साप्ताहिक छुट्टियों को छोड़कर)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पात्र संस्थाओं की सूची में से लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से सफल संस्थाओं को नियम व शर्तों के अनुसार कार्य आवंटित किया जाएगा।

इच्छुक संगठनों को अधिक जानकारी, आवेदन, वसीयत आदि के लिए सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

उक्त अस्पताल में आवेदन करने हेतु संगठन की अंतिम तिथि 25.04.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक है। इस मामले में प्राप्त दस्तावेज, यह 28.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोला जाएगा।

हस्ता./-
मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्र.)
श्रीम.म.तु.अग्रवाल अस्पताल, मुलुंड (प.)

पीआरओ/125/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संपादकीय

# राजनीतिक मतभेद भुला प्राथमिकताएं तय हों

यह विडंबना ही है कि पंजाब में आसन्न चुनौतियों को नजरअदांज करके राजनीतिक लाभ के लिये गैरजरूरी गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मान सरकार द्वारा विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज करना, एक अनाश्यक राजनीतिक उकसावा ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से यह प्रकरण एक अनुचित समय पर हुआ है। आज एक बार फिर पंजाब दोराहे पर खड़ा है, जहां उसे उन ताकतों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने अतीत में राज्य को भयावह संकट में धकेल कर अमन-शांति को ग्रहण लगाया था। इन ताकतों के खतरनाक मंसूबों को गंभीरता से महसूस किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में ग्रेनेड हमलों की श्रृंखला शासन-प्रशासन के साथ आम लोगों को व्यथित किए हुए है। ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधि के खिलाफ समय रहते सामूहिक संकल्प लेने की सख्त जरूरत है। इस वक्त पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य में जिम्मेदार नेतृत्व की सख्त जरूरत है। यह समय नहीं है कि राजनीतिक लाभ-हानि के गणित को दृष्टिगत रखकर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ दिखाई जाए। यदि पंजाब में सिर उठा रही आतंकवाद की नई चुनौती के खतरे को गंभीरता से लेने की बजाय, अभद्र भाषा की टिप्पणियों को प्राथमिकता दी जाएगी तो राज्य का बहुत कुछ दांव पर लगेगा। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि इस राजनीतिक विवाद में पुलिस को घसीटा जा रहा है। ऐसे चुनौती वाले समय में जब पुलिस का मनोबल बढ़ाकर उसकी पूरी ऊर्जा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर केंद्रित करने की जरूरत है, जो राज्य को फिर से अतीत के उस काले दौर की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उबरने में पंजाब के लोगों ने भारी कीमत चुकाई थी। कोई नहीं चाहेगा कि राज्य को फिर उस भयावह दौर से गुजरना पड़े। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के समक्ष मौजूदा चुनौतियों और हिंसक अतीत को दृष्टिगत रखते हुए राजनीति प्रतिष्ठानों से संवेदनशील मामलों में संयमित और सावधान प्रतिक्रिया की उम्मीद की जा सकती है। लेकिन विडंबना है कि नये सिरे से पंजाब की शांति को भंग करने की कुत्सित कोशिशों के प्रति राजनीतिक दलों द्वारा गंभीर प्रतिसाद नहीं दिया जा रहा है। हाल के दिनों में राज्य में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की सतही बयानबाजी से तो ऐसा नहीं लगता है कि राजनेताओं द्वारा चुनौतीपूर्ण स्थितियों में परिपक्वता का व्यवहार किया जा रहा हो। सवाल है कि क्या कांग्रेस नेता बाजवा को अपने बयानों को अभिव्यक्त करने में अधिक सावधान नहीं रहना चाहिए था? निस्संदेह, उन्हें गंभीरता व परिपक्वता का परिचय देना चाहिए था। सवाल यह भी है कि उनके बयानों के जबाव में क्या सरकार की ओर से मामला दर्ज किया जाना चाहिए था? निश्चित रूप से नहीं दर्ज किया जाना चाहिए था। सत्तापक्ष और विपक्ष की कारगुजारियों को देखकर निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि दोनों की तरफ से मौजूदा परिदृश्य में प्राथमिकताएं निर्धारित करने में गलती की जा रही है। इससे उन तत्वों को शह मिलती है जो पंजाब के अमन-चैन को ग्रहण लगाना चाहते हैं। वक्त की मांग है कि पंजाब के दूरगामी हितों से जुड़े गंभीर मुद्दों को राजनीतिक चश्मे से ही कदापि नहीं देखा जाना चाहिए। राज्य के हित निश्चित रूप से राजनीति से ऊपर उठकर होने चाहिए। यदि जरूरत महसूस होती है तो आम आदमी पार्टी सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलाने पर भी विचार करना चाहिए। इस मामले में तथ्यात्मक स्थिति को तो उजागर करना ही चाहिए, जिससे इससे जुड़ी किसी आशंका को दूर किया जा सके। निश्चित रूप से किसी आसन्न खतरे को महसूस करके उसके खिलाफ एकीकृत प्रतिक्रिया से जहां राज्य विरोधी तत्वों का मनोबल गिरेगा, वहीं आम लोगों की आशंकाओं को भी दूर किया जा सकेगा। निश्चित रूप से आगे की राह कठिन है, लेकिन उसका मुकाबला व्यक्तिगत अहंकार व राजनीतिक स्वार्थों को त्यागने से होगा।

## शख्सियत — अद्वैत मल्लबर्मन

### भारतीय लेखक और उपन्यासकार



अद्वैत मल्लबर्मन (वैकल्पिक वर्तनीअद्वैत मल्लबर्मन; 1 जनवरी 1914 - 16 अप्रैल 1951) एक भारतीय लेखक और उपन्यासकार थे, जिन्होंने बंगाली में लिखा था। उन्हें मुख्य रूप से उनके उपन्यास तिताश एकती नदीर नाम ( तिताश नामक एक नदी ) के लिए जाना जाता है जो उनकी मृत्यु के पाँच साल बाद मासिक मोहम्मदी में प्रकाशित हुआ था।

मल्लबर्मन का जन्म गोकर्णघाट गाँव में एक मालो परिवार में हुआ था, जो वर्तमान बांग्लादेश के कोमिला जिले के ब्राह्मण बरिया शहरके पास , टिटश नदी के किनारे है, जो तब ब्रिटिश भारत के अविभाजित बंगाल में था। वह चार बच्चों में दूसरे नंबर के थे और बचपन में ही उन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया था। उनके दो भाइयों की कुछ समय बाद ही मृत्यु हो गई और उनकी बहन (शादी के तुरंत बाद विधवा हो गई) की मृत्यु उनके 20 वर्ष की आयु में कलकत्ता जाने से पहले हो गई। एक लड़के और किशोर के रूप में, कॉलेज जाने तक, वह अपने चाचा के साथ गाँव में रहता था। वह गाँव और आस पास के क्षेत्र के मल्लो समुदाय का पहला बच्चा था, जिसने स्कूल की पढ़ाई पूरी की। मालो समुदाय के सदस्यों ने उनके स्कूल के खर्चों (मुख्य रूप से किताबें, क्योंकि उनकी स्कूल फीस या तो माफ कर दी गई थी या उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति से कवर हो गई थी) का समर्थन करने के लिए सदस्यता एकत्र की। आंशिक रूप से वित्तीय कठिनाई के कारण, उन्होंने 1934 में कॉलेज छोड़ दिया और साहित्यिक संपादक के रूप में काम करने के लिए कलकत्ता चले गए। अपने किशोरावस्था के दौरान उन्होंने बहुत कुछ लिखा, ज्यादातर कविताएँ लिखीं और छात्र पत्रिकाओं में प्रकाशित कीं। उन शुरुआती लेखन को बहुत सराहा गया, इतना कि जो साथी लेखक बनने की ख्वाहिश रखते थे, वे प्रकाशक को भेजने से पहले अपने काम पर उनकी राय लेते थे। कलकत्ता में मल्लबर्मन की पहली नौकरी साहित्यिक और समाचार पत्रिका नवशक्ति के सहायक संपादक के रूप में थी। पत्रिका के साथ तीन साल बिताने के बाद, उन्होंने एक साहित्यिक मासिक, मोहम्मदी के संपादकीय सहायक के रूप में काम किया, जिसमें उन्होंने अपनी कई कविताएँ और जाहिर तौर पर तिताश एकटी नदीर नाम का पहला मसौदा (यह ऋत्विक घटक द्वारा फिल्माया गया है ) के कुछ हिस्से भी प्रकाशित किए; उन्होंने मोहम्मदी के लिए तब तक काम करना जारी रखा जब तक कि इसके मुस्लिम प्रकाशक ने मासिक को बंद नहीं कर दिया और भारत से पलायन नहीं कर गया। इस अवधि के दौरान उन्होंने अखबार आज़ाद के लिए भी काम किया । 1945 में, वे साहित्यिक साप्ताहिक देश और दैनिक आनंद बाज़ार पत्रिका में शामिल हो गए। 1945 से 1950 तक उनकी कई कविताएँ, कहानियाँ, निबंध और अनुवाद देश और अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए । 1950 में मल्लबर्मन को तपेदिक का पता चला। दो साल से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। अपने मित्रों को 'तिताश एकती नादिर नाम' की हाल ही में तैयार की गई पांडुलिपि सौंपकर वे अस्पताल में इलाज के लिए गए। रिहा होने के तुरंत बाद ही उन्हें फिर से बीमारी हो गई और उन्हें फिर से भर्ती कराया गया। हालांकि, उनके इलाज का दूसरा चरण खत्म होने से पहले ही वे अस्पताल से बाहर चले गए। दो महीने बाद, 16 अप्रैल 1951 को उनकी मृत्यु हो गई।

# सूखती ज़मीन, मिटती उम्मीदें : जलवायु संकट में औरतें



प्रियंका सौरभ

2025 बीजिंग इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन भारत की ग्रामीण महिलाओं को असमान रूप से प्रभावित कर रहा है। सीमित संसाधनों, पारंपरिक सामाजिक भूमिकाओं और देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों के चलते वे जलवायु जोखिमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। गर्मी, सूखा, और चरम मौसम उनके प्रजनन स्वास्थ्य, कृषि आधारित आजीविका, और नौकरी के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। आदिवासी और दलित महिलाओं को जाति आधारित बहिष्कार के कारण दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि प्रभावी जलवायु अनुकूलन के लिए लैंगिक-उत्तरदायी नीतियों, लिंग-विभाजित डेटा संग्रह, स्वास्थ्य अवसंरचना के सशक्तीकरण, और महिला नेतृत्व वाले स्थानीय निर्णय तंत्रों की आवश्यकता है। महिलाओं को न केवल पीड़ित के रूप में, बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में भी पहचाना जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में लैंगिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाना न केवल सामाजिक न्याय को मजबूत करता है, बल्कि एसडीजी-13 (जलवायु कार्रवाई) और एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) के लक्ष्यों को भी साधता है।

जब हम जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं, तो चर्चा अक्सर पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्र तल और बदलते मौसम चक्रों तक सिमट जाती है। परंतु इसके मानवीय चेहरे – विशेष रूप से ग्रामीण भारतीय महिलाओं के चेहरों – को अक्सर भुला दिया जाता है। 2025 की बीजिंग इंडिया रिपोर्ट एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि जलवायु संकट कोई जेंडर न्यूट्रल आपदा नहीं है। इसके प्रभाव गहरे, असमान और स्त्री-विरोधी हैं। भारत की करोड़ों ग्रामीण महिलाएं पहले से ही संसाधनों की कमी, सामाजिक सीमाओं और अवैतनिक घरेलू ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन इस बोझ को और भारी बना देता है – कभी सूखा बनकर, कभी बाढ़ बनकर, तो कभी धीमे-धीमे कुपोषण और थकावट के ज़हरीले मिलन के रूप में। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को गिरा रहा है, बल्कि उन्हें उनकी जैविक, सामाजिक और आर्थिक गरिमा से भी वंचित कर रहा है।

ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही सीमित हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन से उपजा पोषण संकट और गर्मी का तनाव उनके प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, लगातार डिहाइड्रेशन और एनीमिया के कारण महिलाओं में समय से पहले हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय-उच्छेदन) के मामले बढ़े हैं। यह केवल एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके शरीर से जुड़ी स्वायत्तता और गरिमा पर एक हमला है। बांझपन, जटिल प्रसव, और गर्भधारण में कठिनाइयाँ अब सामान्य सी समस्याएं बनती जा रही हैं – और इनके पीछे जलवायु से जुड़ी असुरक्षा की स्पष्ट छाया है। भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं, लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं। जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है – तो सबसे पहले और सबसे ज़्यादा झटका इन महिलाओं को लगता है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है, बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है। खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज़ का एक और फेरा। जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा। बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33% की गिरावट आई। यह न केवल आर्थिक नुकसान है, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर भी करारा प्रहार है। जलवायु से प्रेरित विस्थापन, परिवार की आय में गिरावट और पारंपरिक सोच – ये तीनों मिलकर किशोर लड़कियों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं। जब परिवार के पास सीमित संसाधन होते हैं, तो सबसे पहले लड़कियों की पढ़ाई पर कैंची चलती है। उन्हें स्कूल से निकाल कर घरेलू काम में झोंक दिया जाता है, या जल्दी शादी के लिए तैयार किया जाता है। शिक्षा की यह टूटती श्रृंखला, उनके जीवन भर के अवसरों को सीमित कर देती है। विशेष रूप से आदिवासी और दलित महिलाएं – जिन्हें पहले से ही सामाजिक हाशिए पर रखा गया है – जलवायु आपदाओं के समय सबसे ज़्यादा उपेक्षा का शिकार होती हैं। 2020 के चक्रवात 'अम्फान' के दौरान, सुंदरबन क्षेत्र की दलित महिलाओं ने बताया कि राहत केंद्रों से उन्हें बाहर रखा गया, और आश्रय निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। जलवायु संकट के समय सामाजिक भेदभाव और भी तीखा हो जाता है। बीजिंग इंडिया रिपोर्ट इस संकट को केवल उजागर नहीं करती, बल्कि इससे निपटने के स्पष्ट रास्ते भी सुझाती है – जिनमें सबसे अहम है लैंगिक संवेदनशीलता को जलवायु रणनीति के केंद्र में लाना। राज्य स्तरीय जलवायु योजनाओं में महिलाओं की विशिष्ट ज़रूरतों को शामिल किया जाना चाहिए।

ओडिशा जैसे राज्यों ने अपनी जलवायु रणनीतियों में लिंग संकेतकों को शामिल करना शुरू किया है, लेकिन ज़रूरत है कि यह पहल हर राज्य में दोहराई जाए। गांव, जाति और आर्थिक स्थिति के अनुसार लिंग-आधारित डेटा संग्रह आवश्यक है ताकि नीतियाँ धरातल पर असरदार साबित हो सकें। ग्रामीण महिलाएं केवल जलवायु परिवर्तन की पीड़िता नहीं हैं – वे बदलाव की वाहक भी बन सकती हैं। लेकिन इसके लिए ज़रूरत है कि हम उन्हें केवल 'सहायता की पात्र' न मानें, बल्कि 'साझेदार' के रूप में देखें।

बीजिंग रिपोर्ट का यही संदेश है – कि अगर हमें जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटना है, तो जेंडर और क्लाइमेट को एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक साथ समझना होगा। एक महिला जब सूखते हुए तालाब की मिट्टी से अपने बच्चे के लिए पीने का पानी खुरचती है, वह सिर्फ मातृत्व नहीं, बल्कि जलवायु संकट की सबसे त्रासद छवि बन जाती है। अब वक्त है कि नीति, विज्ञान और समाज – तीनों मिलकर उसकी आवाज़ को गंभीरता से सुनें।

## जीवन मंत्र

# हर दिन बेहतर इंसान बनें

जब हम अपने भीतर करुणा, सहनशीलता और विनम्रता जैसे गुणों को रोज़मर्रा के जीवन में उतारते हैं, तो हम अनजाने में ही समाज को बेहतर बना रहे होते हैं। ऐसे व्यक्ति ही असल में प्रेरणा बनते हैं, जिनका हर दिन एक नया प्रयास होता है थोड़े बेहतर बनने का।

जब हम हर दिन खुद को पहले से थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, तो हम केवल अपनी ही नहीं, समाज की भी दिशा को बदलते हैं। यह 'बेहतर' होना किसी और से तुलना नहीं है, बल्कि खुद से एक ईमानदार मुकाबला है कल के अपने से आज आगे बढ़ने की कोशिश। यह बदलाव धीरे-धीरे होता है, लेकिन इसकी नींव बहुत मज़बूत होती है, क्योंकि यह आत्मचिंतन और आत्मदर्शन पर आधारित होता है।

हर दिन खुद को बेहतर बनाने की प्रक्रिया आत्मावलोकन से शुरू होती है। जब हम दिन के अंत में खुद से यह सवाल करते हैं क्या आज मैंने किसी की मदद की?, क्या मैंने किसी को तकलीफ तो नहीं दी?, क्या मैंने आज कुछ नया सीखा? तो यह आत्ममंथन हमें आगे बढ़ने की दिशा दिखाता है। हम सभी में कमियाँ होती हैं, लेकिन जो व्यक्ति उन्हें पहचानकर सुधार की ओर कदम बढ़ाता है, वही सच्चे मायनों में प्रगति करता है। यह अभ्यास न केवल हमारे व्यक्तित्व को परिष्कृत करता है,



बल्कि हमारे आसपास के लोगों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। बेहतर इंसान बनने का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि हम अपने व्यवहार, भाषा और सोच में सकारात्मकता लाएँ। यह कोई बड़ी बात नहीं, बल्कि छोटी-छोटी आदतों से शुरू होती है जैसे दूसरों की बात ध्यान से सुनना, किसी के दुख में संवेदनशील होना, या समय पर अपनी गलतियों को स्वीकार कर लेना।

जब हम अपने भीतर करुणा, सहनशीलता और विनम्रता जैसे गुणों को रोज़मर्रा के जीवन में उतारते हैं, तो हम अनजाने में ही समाज को बेहतर बना रहे होते हैं। ऐसे व्यक्ति ही असल में प्रेरणा बनते हैं, जिनका हर दिन एक नया प्रयास होता है थोड़े बेहतर बनने का। यह सोच अगर हर व्यक्ति में विकसित हो जाए, तो समाज में बड़े बदलाव स्वतः होने लगते हैं। जब हर कोई खुद को बेहतर बनाने में लगा हो, तो स्पर्धा की जगह सहयोग पनपता है, द्वेष की जगह संवाद होता है और निराशा की जगह आशा जन्म लेती है। इस जीवन दर्शन का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह किसी धर्म, जाति या वर्ग की सीमा में नहीं बंधा यह सबके लिए है, सबके द्वारा है। ₹हर दिन बेहतर इंसान बनें₹ यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है, जो दुनिया को भीतर से रोशन कर सकती है

## जीवन ऊर्जा

झीणाभाई देसाई : जन्म 16 अप्रैल, 1903 — जन्म

झीणाभाई रतनजी देसाई (16 अप्रैल 1903 - 6 जनवरी 1991), जिन्हें उनके कलम नामस्नेहरश्मिसे बेहतर जाना जाता है , एकगुजराती भाषा के लेखक औरभारतीय स्वतंत्रता सेनानीथे । देसाई का जन्म 16 अप्रैल 1903 कोबॉम्बे प्रेसीडेंसी के चिखलीमें हुआ था । उन्होंने मैट्रिककी पढ़ाई छोड़ दी और 1920 में असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए। उन्होंने 1921 में अहमदाबादमें गुजरात विद्यापीठमें प्रवेश लिया और 1926 में राजनीति विज्ञान की डिग्री के साथ स्नातक किया। उन्होंने 1926 से 1928 तक गुजरात विद्यापीठ में इतिहास और राजनीति विज्ञान पढ़ाया। भारतीय स्वतंत्रता गतिविधियों में शामिल होने के कारण उन्हें 1932 से 1933 तक जेल में रखा गया था।

# सच्चा जीवन वह है, जहाँ तुम दूसरों को प्रकाश दे सको

जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल अपने व्यक्तिगत लाभ या खुशियों तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसका सर्वोत्तम रूप तब होता है जब हम दूसरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। जब हम अपनी क्षमताओं, समय और संसाधनों का उपयोग दूसरों के भले के लिए करते हैं, तो हम केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समग्र समाज और मानवता के लिए कुछ मूल्यवान छोड़ जाते हैं। इस दृष्टिकोण से, सच्चे जीवन का अर्थ सिर्फ सांसारिक सुखों में निहित नहीं है, बल्कि यह उस दिशा में है जहां हम दूसरों के लिए एक आशीर्वाद, एक प्रेरणा, और एक मार्गदर्शन बन सकें।



प्रकाश का प्रतीक न केवल शारीरिक रोशनी से है, बल्कि यह मानसिक, आत्मिक और दैवीय प्रकाश को भी दर्शाता है। जब हम किसी के जीवन में उम्मीद की किरण जगाते हैं, उनके संघर्षों को समझते हैं, और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करते हैं, तो हम न केवल उनकी दुनिया को रोशन करते हैं, बल्कि खुद को भी एक सच्चे इंसान के रूप में स्थापित करते हैं। स्नेहरश्मि का यह उद्धरण हमें यह समझाने का प्रयास करता है कि सिर्फ अपने लिए जीने की बजाय हमें दूसरों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अपना योगदान देना चाहिए। एक व्यक्ति जो दूसरों को प्रेरित करता है और उनके जीवन में उजाला लाता है, वही सच्चे जीवन का आदर्श प्रस्तुत करता है। इस उद्धरण का एक गहरा अर्थ यह भी है कि समाज में जो लोग कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे हैं, उन्हें हमें अपने ज्ञान, अनुभव और सहानुभूति से मदद करनी चाहिए। समाज में अंधकार तब बढ़ता है जब लोग सिर्फ अपने ही भले में लगे रहते हैं और दूसरों के दुखों या जरूरतों से अनजान होते हैं। लेकिन जब हम स्वयं को दूसरों के लिए एक प्रेरणा और समर्थन का स्रोत बनाते हैं, तो हम एक सच्चे जीवन का पालन करते हैं, जो न केवल हमारे लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभकारी होता है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सत्संग और कथा में संशय नहीं करना चाहिए

(भाग 1)

एक दिन श्री रघुनाथ जी ने हनुमान जी से कहा हनुमान तुम निरंतर हमारी सेवा में रहते हो और नाम जप भी करते हो परंतु सत्संग और कथा श्रवण करने नहीं जाते यह तुम्हारे अंदर थोडी सी कमी है। हनुमान जी बोले प्रभु आपकी आज्ञा तप शिरोधार्य है परंतु जिन भगवान की कथा है वे तो निरंतर मिले हुए है और आपकी सेवा भी मिली हुई है।

आपकी जो प्रत्यक्ष अवतार लीला है जो चरित्र है वे प्रायः सभी हमने देखे है। अतः मै सोचता हूं कि कथा श्रवण से क्या लाभ । श्री रघुनाथ जी बोले यह सब तप ठीक है परंतु कथा तो श्रवण करनी ही चाहिए। श्री हनुमान जी ने पूछा कि आप ही कृपापूर्वक बताएं की किसके पास जाकर कथा श्रवण करें।

रघुनाथ जी बोले नीलगिरी पर्वत पर श्री काग भुशुण्डि जी नित्य कथा कहते है वे बड़े उच्च कोटी के महात्मा है।

शंकर जी देवी देवता तीर्थ सभी उनके पास जाकर सत्संग करते हैं, आप उन्ही के पास जाकर तुम भी कथा श्रवण करो। हनुमान जी ने बटुक रूप धारण किया और नीलगिरी पर्वतपर



कथा मे पहुँच गए। वहां श्री कागभुशुण्डि जी हनुमान जी की ही कथा कह रहे थे। उन्होंने कहां की जब जाम्बवान जी ने हनुमान जी को अपनी शक्ति का स्मरण कराया तब हनुमान जी ने विराट शरीर धारण किया। एक पैर तो था महेंद्रगिरि पर्वत पर भारत के दक्षिणी समुद्र तट पर और दूसरा रखा सीधे लंका के सुबेल पर्वत पर एक ही बार मे समुद्र लांघ गए। वहां विभीषण से मिले अशोक वाटिका मे जाकर सीधे बिना चोरी छिपे श्री सीता जी से मिले और वहां जब उन पर राक्षसों ने प्रहार किया तब उन्होंने सब राक्षसों को मार गिराया।

रावण के दरबार मे भी पहुंचे वहां रावण ने श्री राम जी के बारे मे अपशब्द प्रयोग किये और राक्षसों से कहां कि इस वानर की पूंछ मे आग लगा दो। हनुमान जी ने यह सुनकर जोर से हूंकार किया और उनके मुख से भयंकर अग्नि प्रकट हुए। उस अग्नि ने लंका को जला दिया और हनुमान जी पुनः एक पग रखा तो इस पर रामजी के पास पहुँच गए। यह सुनते ही हनुमान जी ने सोचा की कागभुशुण्डि जी यह कैसी कथा सुना रहे है। मैन तो इस प्रकार न समुद्र लांघा और न इस प्रकार से लंका जलीलगता है कथा व्यास आजकल असत्य कथा कहने लगे है। श्री हनुमान जी के वापस आने पर रघुनाथजी ने पूछा कि आज कथा में कौन सा प्रसंग सुनाया गया। हनुमान जी ने उदास मुख से बताया की प्रसंग तो समुद्र लंघन और लंका दहन लीला का था परंतु उन्होंने तो कथा को बहुत प्रकार से बढा चढाकर कहा। इस तरह की कोई लीला मैने नहीं की। रघुनाथ जी हंसते हए बोले की आपको संदेह नही करना चाहिए। व्यास आसन पर बैठे संत के प्रति मनुष्य बुद्धि नहीं होनी चाहिए। कागभुशुण्डि जी कोई सामान्य महात्मा नहीं है। हनुमान जी ने बात तो मान ली और प्रभु के चरण दबाने लगे पर मन मे संदेह था। वे बार बार वही बात सोच रहे थे की आखिर विश्वास करें तो कैसे करें ।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

हमारे पास ऐसे प्रधानमंत्री है जो कि गर्व से कहते हैं कि मैं संविधान की वजह से यहां तक पहुंचा हूं। हमारे प्रधानमंत्री बहुत ही पिछड़े वर्ग और नम्र परिवार से आते हैं। मेरे सुप्रीम कोर्ट के जज बनने का पूरा श्रेय हमारे संविधान को जाता है।



**-जस्टिस बीआर गवई,** जज,सुप्रीम कोर्ट

आप देख रहे होंगे कि बंगाल जल रहा है। वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं। दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं। लेकिन सेक्युलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगे करने की छूट दे रखी है।



**-योगी आदित्यनाथ**, सीएम,उत्तर प्रदेश

अखिलेश यादव दलित सांसद रामजीलाल सुमन के कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। सपा एक दलित के बेटे को आगे करके एक योजना के तहत उत्तर प्रदेश के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का प्रयास कर रही है।



**-अनिल राजभर,** कैबिनेट मंत्री,उत्तर प्रदेश

आप गाना तो गा रही हैं लेकिन आपके गाने की धुन बेसुरी हो गई है। लोगों को बधाई देने से पहले अगर दंगा करने वालों पर कार्रवाई की गई होती तो राज्य के नागरिक सुरक्षित महसूस करते।



**-सुभेंदु अधिकारी,** नेता,भाजपा

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# अब ट्रेन में एटीएम से निकाल सकेंगे पैसा!

## पंचवटी एक्सप्रेस में देश की पहली एटीएम सुविधा का हो रहा परीक्षण

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

मध्य रेलवे का भुसावल मंडल यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं गैर-किराया राजस्व के नवाचारी साधनों की खोज में एक अनूठी पहल करते हुए नए मानदंड स्थापित कर रहा है। रेलयात्रा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, भुसावल मंडल द्वारा चलती ट्रेन में देश की पहली ऑनबोर्ड एटीएम सेवा प्रारंभ करने के लिए परीक्षण किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र बैंक का समन्वय प्राप्त है। इस विचार की शुरुआत भुसावल मंडल द्वारा आयोजित एक अभिनव गैर-किराया राजस्व ग्राहक संवाद बैठक में की गई थी। इस दूरदर्शी प्रस्ताव के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंक (बैंक ऑफ महाराष्ट्र) ने नई नवाचारी गैर-किराया राजस्व विचार योजना (NINFRIS) के अंतर्गत औपचारिक योजना प्रस्तुत की।

### इस ट्रेन में हो रहा परीक्षण



ट्रेन क्रमांक 12110 मनमाड–मुंबई सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में इस सेवा की व्यवहार्यता और संचालन कुशलता को परखने हेतु परीक्षण जारी है। यह ट्रेन प्रतिदिन मनमाड से मुंबई सीएसएमटी के बीच चलती है और इसमें कुल 22 कोच हैं। इसकी कुल बैठने की क्षमता 2,032 कुल यात्रियों की है और प्रतिदिन लगभग 2,200 यात्री मुंबई सीएसएमटी की यात्रा करते हैं। यह एटीएम ट्रेन के एक अप्रयुक्त डिब्बे में स्थापित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों की बैठने की व्यवस्था या अन्य सुविधाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चूंकि ट्रेन पूरी तरह से वेस्टीब्यूल से जुड़ी हुई है, अतः सभी वर्गों के यात्री इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। एटीएम को एक कोच में पूर्व से अप्रयुक्त स्थान में स्थापित किया गया है, जिससे यात्रियों की सीटिंग व्यवस्था या अन्य सुविधाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इस पहल को भारतीय रेल के विद्युत एवं यांत्रिक विभागों के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है।

### बिना किसी रुकावट के निकाल सकेंगे पैसे

सेवा लागू होने के पश्चात, यह ऑनबोर्ड एटीएम सुविधा यात्रियों को यात्रा के दौरान वित्तीय लेन-देन की सुविधा प्रदान करेगी, जो विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं तथा आकस्मिक आवश्यकताओं वाले यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। एटीएम को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे ट्रेन गतिशील रहने पर भी लेन-देन निर्बाध रूप से किया जा सकेगा। यह पहल भारतीय रेलवे की यात्री अनुभव को सशक्त बनाने एवं पारंपरिक राजस्व मॉडल से आगे बढ़ते हुए नवाचार को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भुसावल मंडल इस दिशा में नेतृत्व करते हुए अन्य प्रमुख ट्रेनों में भी इस प्रकार की सेवाएं शुरू करने की संभावनाओं का अन्वेषण कर रहा है, जिससे रेल यात्रा अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं यात्री-मुखी बन सके।

# नगर परिषद और नगर पंचायत की संपत्ति किराए पर देने के नियमों में बदलाव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने नगर परिषद, नगर पंचायत और औद्योगिक शहरी क्षेत्रों की अचल संपत्तियों के किराए पट्टे नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत किराए की नई दरें तय की जाएंगी और इसके लिए शीघ्र ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

### रेडी रेकनर के आधार पर नई किराया दरें लागू होंगी

संशोधित नियमों के अनुसार, आवासीय, शैक्षणिक, धर्मार्थ और सार्वजनिक उपयोग की संपत्तियों के किराए की न्यूनतम दर रेडी रेकनर की 0 .5 प्रतिशत होगी। वहीं, व्यावसायिक और औद्योगिक उपयोग वाली संपत्तियों के लिए यह दर कम से कम 0 .7 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनेगी मूल्य निर्धारण समिति



संपत्ति के अधिमूल्य, किराया पट्टा दर और डिपॉजिट तय करने के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिलाधिकारी करेंगे। इसके तहत नागरिकों से आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी।

### स्थानीय निकायों में लाया जाएगा एकरूपता

राज्य सरकार ने 6 नवंबर 2023 को महानगर पालिकाओं की संपत्तियों के हस्तांतरण और किराए पर देने के नियम तय किए थे। अब इसी तर्ज पर नगरपरिषद, नगरपंचायत और औद्योगिक शहरी क्षेत्रों के लिए ₹महाराष्ट्र नगरपरिषद, नगरपंचायत और औद्योगिक शहरी (अचल संपत्ति का हस्तांतरण) (संशोधन) नियम 2025₹ बनाए जाएंगे, जिससे सभी स्थानीय निकायों में संपत्ति प्रबंधन में एकरूपता लाई जा सके।

# पुणे मंडल में मनाई गई डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती

डीबीडी संवाददाता | पुणे

मध्य रेलवे के पुणे मंडल ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें डीआरएम श्री राजेश कुमार वर्मा, एडीआरएम श्री पी.यू. जाधव और मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद

सभा को संबोधित करते हुए डीआरएम वर्मा ने डॉ. अंबेडकर के बौद्धिक योगदान, सामाजिक न्याय और समानता के लिए उनके संघर्ष और भारत को आधुनिक राष्ट्र बनाने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "डॉ. अंबेडकर ने न केवल संविधान निर्माण में मार्गदर्शन किया, बल्कि दलितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी ऐतिहासिक कार्य किए।"

# लोकशाही दिवस पर आवेदकों को राहत

दीपक पवार | मुंबई

महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) द्वारा बांद्रा (पूर्व) स्थित गृहनिर्माण भवन में 10वें लोकशाही दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों की दस याचिकाओं पर सुनवाई की गई, जिसकी अध्यक्षता म्हाडा के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जयसवाल ने की।

### मिल श्रमिक विट्ठलदास खेडेकर के मामले में निर्णय

विट्ठलदास खेडेकर, जिन्होंने श्रम विभाग द्वारा त्रुटियों के कारण अपात्र घोषित किए जाने के बाद आवेदन किया था, उनके मामले में जयसवाल ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर पात्रता निर्धारण के लिए श्रम उपायुक्त को पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

### गिल्बर्ट जेवियर के फ्लैट ट्रांसफर के मामले में आदेश



गिल्बर्ट जेवियर ने अंधेरी ईस्ट स्थित पीएमजीपी कॉलोनी में एक फ्लैट का उपहार विलेख के माध्यम से ट्रांसफर करने का आवेदन किया था, लेकिन फ्लैट का ट्रांसफर नहीं किया गया। इस पर, जयसवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित शुल्क लेकर फ्लैट को तत्काल गिल्बर्ट जेवियर के नाम पर ट्रांसफर करें।

### फारूक शेख के धोखाधड़ी मामले में सुनवाई

फारूक शेख ने जुहू लेन में नवभारत सहकारी सोसायटी की झुग्गी पुनर्वास योजना में झूठे हलफनामे और फर्जी सबूत पेश करके सरकार को धोखा देने का आरोप लगाया था। इस पर, संजीव जयसवाल ने अधिकारियों को एक महीने के भीतर इस आवेदन पर सुनवाई करने और 30 अप्रैल तक आदेश पारित करने का निर्देश दिया।

### आनंद खिलारे का अतिरिक्त राशि वसूलने का आरोप

पुणे बोर्ड द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) फ्लैट लॉटरी के सफल आवेदक आनंद खिलारे ने फ्लैट की बिक्री मूल्य का 100 प्रतिशत भुगतान करने के बावजूद अतिरिक्त राशि वसूलने का आरोप लगाया। इस मामले में, जयसवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सरकारी एजेंसियों को देय करों को छोड़कर शेष राशि को कम करें।

### आवेदक खान का ब्याज माफ

लोकशाही दिवस के दौरान मोहम्मद खान ने कोंकण बोर्ड की लॉटरी में सफल होकर ठाणे में फ्लैट के लिए भुगतान करने में हुई देरी के कारण लगाए गए ब्याज को माफ करने की अपील की थी। सुनवाई के दौरान, संजीव जयसवाल ने डेवलपर से बात की और संबंधित अधिकारियों को 2 .5 लाख रुपए की राशि की जानकारी दी, जिसके बाद 1 लाख 70 हजार रुपए का ब्याज माफ करने के निर्देश दिए गए।

# पश्चिम रेलवे ने मनाई भारत रत्न डॉ. बी. आर. अंबेडकर की जयंती

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में भारत रत्न डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 134वीं जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाया। इस स्मृति समारोह का आयोजन पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रमुख विभागाध्यक्ष, मान्यताप्राप्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि, एससी/एसटी और ओबीसी एसोसिएशन के सदस्य तथा रेल कर्मचारी उपस्थित थे।



### समारोह में पुष्पांजलि अर्पित की गई

महाप्रबंधक मिश्र ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और मेमोरियल कैन्डल प्रज्ज्वलित की। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मिश्र ने भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. अंबेडकर के अद्वितीय योगदान को याद किया और उनकी स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने वंचित समुदायों के उत्थान और भारतीय समाज व राष्ट्र निर्माण में डॉ. अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सराहा।

# मुंबई मेट्रो लाइन-5 पर काम का ऐतिहासिक चरण हुआ पूरा

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने ठाणे-भिवंडी-कल्याण मुंबई मेट्रो लाइन 5 (चरण 1) पर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। मध्य रेलवे की वसई-दिवा लाइन पर अंजुरफाटा, भिवंडी में 65 मीटर लंबा ₹ओपन वेब गर्डर (ओडब्ल्यूजी) स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

### तीन चरणों में कार्य पूरा किया गया



एमएमआरडीए ने यह कठिन कार्य तीन चरणों में पूरा किया है। इसके तहत व्यस्त राजमार्ग और मौजूदा रेलवे लाइन जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को पार करते हुए 20 मीटर ऊंची पुलिया स्थापित की गई। इस कार्य को सटीकता, समन्वय और व्यापक योजना के आधार पर समय पर पूरा किया गया, जो उत्कृष्ट इंजीनियरिंग कौशल का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### 456 मीट्रिक टन वजनी गर्डर सफलतापूर्वक स्थापित

इस परियोजना में 456 मीट्रिक टन वजनी गर्डर को रेलवे ब्लॉक के निर्धारित समय में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। यह कार्य मध्य रेलवे और यातायात पुलिस के समन्वय से किया गया और मेट्रो पिलर P328-P329 के बीच स्थापित किया गया।

### आगे के काम में तेजी आएगी

इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर के पूरा होने के बाद, मेट्रो लाइन 5 पर आगे के काम aमें तेजी आएगी। एमएमआरडीए ने पुष्टि की है कि शेष कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो जाएगा। यह उपलब्धि एकीकृत भावना, सावधानीपूर्वक योजना और इंजीनियरिंग विशेषज्ञता का बेहतरीन उदाहरण है।

# भिवंडी कराटे एसोसिएशन के बच्चों ने हासिल किए मेडल



डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

स्व. परशुराम टावरे स्टेडियम में आयोजित भिवंडी ओलंपिक 2025 में भिवंडी कराटे एसोसिएशन के बच्चों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई मेडल जीते। इस द्विसीय खेल प्रतियोगिता में भिवंडी के स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त की। इस महाकुंभ का आयोजन भिवंडी पश्चिम विधानसभा के विधायक महेश चौगुले के नेतृत्व में पायनियर स्पोर्ट्स क्लब, उस्मानिया स्पोर्ट्स क्लब, और मीत स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त प्रयास से किया गया। प्रतियोगिता में कुल 25 खेलों का आयोजन किया गया। भिवंडी कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष 5th डन ब्लैकबेल्ट मास्टर सलीम खान के नेतृत्व में बच्चों ने कराटे में कई पदक जीते।

# सोलापुर मंडल ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर की विचारधारा, उनके योगदान और सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष को स्मरण किया गया।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

कार्यक्रम के तहत 11 अप्रैल को आयोजित निबंध प्रतियोगिता "डॉ. बी.आर. अंबेडकर: भारत में सामाजिक न्याय के वास्तुकार" के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

**प्रथम पुरस्कार:** श्रीमती रजनी एल. येमुल, सहायक (सी एंड डब्ल्यू)

**द्वितीय पुरस्कार:** सुश्री नैनल पी. डोंगरे, सहायक (सी एंड डब्ल्यू)

**तृतीय पुरस्कार:** श्री देवेंद्र सिंह राजपूत, पॉइंट्समैन 'बी'




### बुद्ध वंदना और पुष्पांजलि से हुई शुरुआत

मंडल रेल प्रबंधक डॉ. सुजीत मिश्रा और अपर मंडल रेल प्रबंधक अंशुमाली कुमार ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर सामूहिक बुद्ध वंदना कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। डीआरएम डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का दृष्टिकोण आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने न्याय, समानता और सामाजिक समरसता के लिए जो रास्ता दिखाया, वह वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा।

**वृष** — विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मिथुन** — तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है।

**सिंह** — प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या** — लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे।

**तुला** — प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी।

**वृश्चिक** — यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दुःखद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है।

**धनु** — अतिथियों का आवागमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

**मकर** — कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है।

**कुंभ** — घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है।

**मीन** — अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा।

# पितृदोष: पितरों के श्राप से आती हैं ये 5 बड़ी परेशानियां

सनातन धर्म में पितरों का विशेष स्थान है। हर शुभ कार्य में पितरों का आह्वान कर उनके आशीर्वाद की कामना की जाती है। लेकिन यदि पितर नाराज हो जाएं, तो उनके श्राप का प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है — और वह भी सात पीढ़ियों तक। काशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट के अनुसार, पितृदोष एक ऐसा अदृश्य संकट है, जो व्यक्ति के जीवन में लगातार समस्याएं खड़ी करता है। आइए समझते हैं कि पितृदोष क्या है, कैसे लगता है और इसके कारण कौन-कौन सी परेशानियां होती हैं।

**क्या होता है पितृदोष या पितरों का श्राप?**

जब कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, बुजुर्गों या पूर्वजों का अपमान करता है, उनका तर्पण या श्राद्ध नहीं करता, तो वे मृत्यु के बाद भी अशांत रहते हैं। ऐसे पितर कभी-कभी श्राप भी दे देते हैं। मान्यता है कि मृत्यु के बाद अगर किसी आत्मा को शांति नहीं मिलती, तो वह भूत, प्रेत या पिशाच योनि में भटकती है। और फिर अगला मनुष्य जन्म उसे पितृदोष से ग्रस्त बना देता है।






प्रियंका जैन
9769994439

ज्योतिष शास्त्र में 11 प्रकार के पितृदोष बताए गए हैं, जो कुंडली में सूर्य, शनि, राहु, चंद्र, गुरु आदि ग्रहों की स्थितियों से पहचान में आते हैं।

पितृदोष से जीवन में आने वाली 5 बड़ी समस्याएं

**1. संतानहीनता**

पितृदोष से पीड़ित व्यक्ति संतान सुख से वंचित रह सकता है। मान्यता है कि जो पूर्वज तृप्त नहीं होते, वे वंश वृद्धि नहीं होने देते। इसलिए संतान न होना या संतान का शीघ्र मृत्यु को प्राप्त होना पितृदोष का संकेत हो सकता है।

**2. धन की कमी**

ऐसे लोग जीवनभर धन के लिए संघर्ष करते हैं। उनके पास पैसा टिकता नहीं, कारोबार नहीं चलता और घर में दरिद्रता बनी रहती है।

**3. घर में बरकत नहीं होती**

घर में कभी सुख-शांति नहीं रहती। मेहनत के बावजूद मनचाही सफलता नहीं मिलती। कार्यों में अड़चनें आती हैं, बनते-बनते काम बिगड़ जाते हैं।

**4. बीमारी और दुर्घटनाएं**

पितृदोष से पीड़ित परिवारों में कोई न कोई सदस्य हमेशा बीमार रहता है। कभी-कभी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। इलाज के बावजूद बीमारी ठीक नहीं होती या बार-बार लौट आती है।

**5. गृह क्लेश और तनाव**

घर में आपसी झगड़े, विवाद, कटुता और अशांति बनी रहती है। दांपत्य जीवन में कलह, विवाह में अड़चनें और रिश्तों में कड़वाहट भी पितृदोष का संकेत हो सकती है।

**पितृदोष से कैसे करें बचाव?**

पितरों को तृप्त करने के लिए अमावस्या, पूर्णिमा, पितृ पक्ष, ग्रहण के समय, गंगा स्नान आदि अवसरों पर तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध और दान करने की परंपरा है। गाय, ब्राह्मण और जरूरतमंदों को भोजन कराने से भी पितर प्रसन्न होते हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### बस ने 16 सवारियों से भरे ऑटो में मारी टक्कर, 5 की मौत



**गोंडा:** बहराइच में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। गोंडा-बहराइच मार्ग पर खूंटेहना चौकी के काटिलिया के पास बस ने एक ऑटो को टक्कर मार दी। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान दो मासूम बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में 12 घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### ब्राउन शुगर गिरोह का भंडाफोड़, तस्कर गिरफ्तार



**भागलपुर:** बिहार के भागलपुर पुलिस ने तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। इस मामले में दो तस्करों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए तस्करों की निशानदेही पर ही पुलिस ने ब्राउन शुगर व नशे में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद की है। भागलपुर शहर जोगसर थाना क्षेत्र के बूढ़ानाथ मोहल्ले में रहने वाले मनीष कुमार और मनोज कुमार के घर छापेमारी करने पहुंची CIAT टीम (काउंटर इंसर्जेंसी एंड एंटी टेररिज्म) और भागलपुर पुलिस ने उनके घर से ब्राउन शुगर बरामद किया है। पूछताछ करने पर बूढ़ानाथ मोहल्ले के सकिचंद घाट सहित कई गंगा घाट के किनारे झाड़ियों में खोजबीन की गई। जहां से पुलिस को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और इलेक्ट्रॉनिक मशीन मिली है। बरामद इलेक्ट्रॉनिक मशीन का उपयोग ब्राउन शुगर की छोटी-छोटी पुड़ियों को वजन करने के लिए उपयोग किया जाता था।

### 'डीजे वाले बाबू' ने थाने पहुंचाई बारात




ग्वालियर: ग्वालियर में डीजे की तेज आवाज और मस्ती ने बारातियों का मजा किरकिरा कर दिया। दूल्हा-दुल्हन को घर के बजाय थाने में बैठना पड़ा। असल में ग्वालियर के मोहनपुरा इलाके में रहने वाले हरिओम सिंह की सोमवार को शादी थी। वह ग्वालियर शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र में स्थित हरनामपुरा बजरिया में बारात लेकर पहुंचा था। विवाह समारोह अच्छी तरह सम्पन्न हुआ। मंगलवार को जब विदाई हुई तो धूम-धाम से डीजे पर नाचते गाते बराती वापस लौटे। बारात जब दुल्हन को लेकर डीजे बजाते हुए वापस जा रही थी, इसी बीच थाटीपुर पुलिस थाने से गुजरी। उसी दौरान डीजे की तेज आवाज को लेकर पुलिसकर्मियों ने बारातियों को समझाया कि आवाज धीमी करें. लेकिन जब बराती नहीं माने तो पुलिस ने डीजे जब्त कर बारातियों को पुलिस थाने में बैठा लिया।

# चारधाम यात्रा को लेकर सख्त हुआ परिवहन विभाग

## धोखाधड़ी या दुर्व्यवहार पर रद्द होगा ट्रिप कार्ड, नहीं मिलेगी यात्रा की अनुमति

एजेंसी । देहरादून

चारधाम यात्रा शुरू होने में अब महज 15 दिन बाकी हैं, और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खासतौर पर परिवहन विभाग इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पहले से ज्यादा सतर्क नजर आ रहा है। यात्रियों से दुर्व्यवहार या धोखाधड़ी की शिकायतों को देखते हुए विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है।

### दर्शन के बाद समाप्त होगी ट्रिप कार्ड की वैधता

इस बार ट्रिप कार्ड की वैधता उस दिन तक ही मान्य होगी, जब तक श्रद्धालु दर्शन करेंगे। दर्शन समाप्त होते ही ट्रिप कार्ड स्वत: समाप्त हो जाएगा। इसके लिए सभी यात्रियों का पर्यटन वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

> चारधाम यात्रा से संबंधित सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। साथ ही यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार समीक्षा बैठक की जा रही है। ऐसे में सरकार का प्रयास है कि यात्रा को संचालित करने वाले सभी स्टेक होल्डर्स से बातचीत करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। यात्रा मार्गों पर जहां भी व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तार की जरूरत या फिर कोई अन्य काम किया जाना है, वो सब काम सरकार करेगी। ताकि, चारधाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े और उनकी सुरक्षा भी हो।
> – पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड



### कमर्शियल वाहनों पर रखी जाएगी खास नजर

चारधाम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कमर्शियल वाहन श्रद्धालुओं को लेकर जाते हैं। हर साल इनसे जुड़ी कई शिकायतें सामने आती हैं – जैसे मनमाने किराए वसूले जाना, बुकिंग के बाद कैंसिलेशन, और यात्रियों से दुर्व्यवहार। इस बार अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित वाहन का ट्रिप कार्ड और ग्रीन कार्ड दोनों निरस्त कर दिए जाएंगे। ऐसे वाहनों को फिर यात्रा मार्ग पर संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### यात्रा से एक दिन पहले ही मिलेगा ट्रिप कार्ड

परिवहन विभाग ने यह भी निर्णय लिया है कि कमर्शियल वाहनों को ट्रिप कार्ड यात्रा तिथि से एक दिन पहले ही जारी किया जाएगा। इसके पीछे उद्देश्य है कि अवैध संचालन पर रोक लगाई जा सके और शिकायतों को कम किया जा सके। संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह के अनुसार, 2024 में 32,000 गाड़ियों को ग्रीन कार्ड जारी किया गया था। इस बार यात्रियों की संख्या में वृद्धि के मद्देनजर 35,000 से 40,000 वाहनों को ग्रीन कार्ड जारी किए जाने की संभावना है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा पहली प्राथमिकता: परिवहन विभाग

संयुक्त परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को समय पर वाहन मिलें और यात्रा सुगम रहे, यह विभाग की पहली प्राथमिकता होगी। किसी भी यात्री से अधिक पैसा वसूलना, यात्रा कैंसिल करना या किसी प्रकार का शोषण न हो, इस पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

# पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। ईडी केस में टुटेजा को बड़ी राहत मिली है। वहीं जमानत मिलने के बाद भी अनिल टुटेजा अभी रिहा नहीं हो पाएंगे। शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू और एसीबी भी जांच कर रही है। वहीं पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को 7 अप्रैल को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। जहां विशेष कोर्ट ने कवासी लखमा को 11 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजा था। यह दूसरी बार है जब ईओडब्ल्यू ने कवासी लखमा को रिमांड पर लिया है। कवासी लखमा को शराब घोटाले मामले में आरोपी बनाया गया है।



### एपी त्रिपाठी समेत तीन को भी मिल चुकी है जमानत

बीते महीने छत्तीसगढ़ के दो हजार करोड़ से अधिक के शराब घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने एपी त्रिपाठी समेत तीन को जमानत दे दी थी। घोटाले में आरोपी पूर्व IAS अनिल टूटेजा और अनवर ढेबर को कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका को ख़ारिज कर दिया है। शराब घोटाले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ED) कर रही है। चर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद एपी त्रिपाठी,अनुराग द्विवेदी और दीपक दुआरी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली।

प्रमोद निगम हत्याकांड

# मुख्तार के 2 शूटरों को उम्रकैद

### कोर्ट ने 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

एजेंसी । वाराणसी

राष्ट्रीय ठेला-पटरी व्यवसायी संघ के संस्थापक सचिव प्रमोद निगम की हत्या मामले में कोर्ट ने आठ साल बाद बड़ा फैसला सुनाया है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने मुख्तार अंसारी के दो शूटरों—नंदलाल राय उर्फ बबलू राय और शेषनाथ शर्मा को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।



> आज हमें इंसाफ मिला है। आठ साल लगे लेकिन दोषियों को उम्रकैद की सजा मिली। न्यायपालिका पर भरोसा और मजबूत हुआ है।
> **अभिषेक निगम, प्रमोद निगम के बेटे**

### 2017 में की गई थी हत्या

17 जनवरी 2017 को इंग्लिशिया लाइन क्षेत्र में स्थित भारतीय शिक्षा मंदिर स्कूल के पास प्रमोद निगम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया कि शौच करने से मना करने पर आरोपी नंदलाल राय से उनका विवाद हुआ था। उसी दिन वह अपने साथी शेषनाथ शर्मा के साथ लौटकर आया और प्रमोद निगम को गोली मार दी।

### 12 गवाहों की गवाही बनी आधार

इस मामले में सिगरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लंका थाना क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अदालत में एडीजीसी विनय कुमार सिंह और ओंकार तिवारी ने अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए, जिनमें चश्मदीद हिमांशु श्रीवास्तव का बयान अहम साबित हुआ।

# शिबू सोरेन बने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक

### हेमंत सोरेन बनाए गए केंद्रीय अध्यक्ष

एजेंसी । रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन के दूसरे दिन मंगलवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन झामुमो के संस्थापक संरक्षक बनाए गए। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। रांची के खेलगांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन किया गया है। 53 साल में झामुमो का यह 13वां केंद्रीय महाधिवेशन है।

### 38 साल बाद जेएमएम में नयी भूमिका में शिबू सोरेन



38 साल बाद झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने यह पद छोड़ दिया। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अब नयी भूमिका में हैं। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक हैं। पार्टी में उनकी जगह झारखंड के मुख्यमंत्री और उनके पुत्र हेमंत सोरेन ने लिया है। शिबू सोरेन ने उन्हें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।हेमंत सोरेन को वर्ष 2015 के जमशेदपुर महाधिवेशन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी। इनके नेतृत्व में पार्टी ने दो-दो विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। हेमंत सोरेन ने करीब 10 वर्षों तक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जवाबदेही निभायी।1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठन के बाद विनोद बिहारी महतो झामुमो के पहले अध्यक्ष बने थे। 1973 से 1984 तक विनोद बिहारी महतो अध्यक्ष रहे थे। 1984 में राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं, तो शिबू सोरेन ने निर्मल महतो को अध्यक्ष बनाया।

बिहार चुनाव को लेकर हुई चर्चा

# राहुल-खड़गे से मिलने पहुंचे तेजस्वी

एजेंसी । पटना/नई दिल्ली

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार को दिल्ली में आरजेडी और कांग्रेस के बीच बैठक हुई। यह मीटिंग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत कई अन्य नेता शामिल हुए। इसके अलावा कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल भी बैठक में मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव में सीएम चेहरे के साथ सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की गई। बता दें कि बिहार में सीएम फेस को लेकर आरजेडी और कांग्रेस के बीच तकरार चल रही है।

### 17 अप्रैल को पटना में होगी चर्चा



दिल्ली में बैठक के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि दोनों पार्टियों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि गुरुवार यानी 17 अप्रैल को पटना में फिर मीटिंग होगी। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन बिहार को आगे लेकर जाना चाहता है। साथ ही उन्होंने कहा कि 20 साल से बिहार में एनडीए सरकार होने के बावजूद यह सबसे गरीब राज्य है। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में चर्चा करके सभी की सहमति से सीएम का चेहरा तय किया जाएगा।

# 5 लाख के ईनामी नक्सली ने किया सरेंडर

### कोतरी एरिया कमेटी में था डिप्टी कमांडर

एजेंसी । दुर्ग

छत्तीसगढ़ के मोहला- मानपुर जिले में 5 लाख रुपए के ईनामी नक्सली ने सरेंडर किया। आत्मसमर्पित नक्सली रूपेश मंडावी आरकेबी डिविजन के कोतरी एरिया कमेटी का सदस्य था। उसने शासन की नई पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पुलिस के सामने सरेंडर किया है। नक्सल संगठन से मिली निराशा और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते उसका मोहभंग हो गया था। रूपेश मंडावी उर्फ सुखदेव ग्राम मुंजाल (कोपाटोला) थाना मदनवाड़ा, कोतरी एरिया कमेटी में डिप्टी कमाण्डर था। जो अम्बागढ़ चौकी के थाना मदनवाड़ा, सीतागांव, औंधी, मानपुर, और जिला कांकेर के थाना गोंडाहुर, पखांजुर, नारायणपुर के माड़ क्षेत्र विजय रेड्डी (आरकेबी डिवीजन कमेटी सचिव एवं डीके एसजेडसी सदस्य) के साथ सक्रिय था।

### पुलिस को मिल रही सफलता : एसपी

पुलिस अधीक्षक वाई पी सिंह ने बताया कि, आत्मसमर्पित नक्सली 2012 में नक्सली संगठन से जुड़ा था। करीब वह 14 साल नक्सल संगठन में काम करने के बाद उसने सरेंडर किया है। इसके सरेंडर करने से नक्सलियों के लिए काम करने वालों के बारे में पता चलेगा। नक्सलियों की जो ताकत थी वह अब कमजोर हो जायेगा। एसपी ने आगे कहा- पुलिस ने जिले के नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की थी जिसके चलते हम धीरे- धीरे सफल हो रहे हैं आने वाले समय में हम मोहला- मानपुर जिले से नक्सलियों को उखाड़ फेकेंगे।




# सेंसेक्स 1578 अंक ऊपर 76,735 पर बंद

### निफ्टी 500 अंक चढ़कर 23,329 पर पहुंचा

एजेंसी । मुंबई

शेयर बाजार में मंगलवार को बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1578 अंक (2.10%) चढ़कर 76,735 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 500 अंक (2.19%) की तेजी रही, ये 23,329 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 6.70%, टाटा मोटर्स में 4.61%, लार्सन एंड टुब्रो में 4.50%, एक्सिस बैंक में 4.23% और अडाणी पोर्ट्स में 4.13% की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी में 5.64%, ऑटो में 3.39%, फाइनेंशियल सर्विसेज में 3.28%, मेटल में 3.20% और मीडिया में 2.97% की रही।

### ग्लोबल मार्केट में तेजी, विदेशी निवेशकों ने 2,519 करोड़ निकाले



14 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 312 अंक (0.78%), नैस्डेक कंपोजिट 107 अंक (0.64%) और S&P 500 इंडेक्स 42 अंक (0.79%) चढ़कर बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 285 अंक (0.84%) चढ़कर 34,267 पर बंद। कोरिया के कोस्पी में 0.88% (21 अंक) की तेजी रही, ये 2,477 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट में 0.15% की गिरावट है, ये 3,268 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स 0.23% चढ़कर 21,466 पर बंद। 11 अप्रैल को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 2,519.03 करोड़ के शेयर बेचे। जबकि भारतीय यानी घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 3,759.27 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### बाजार में तेजी की 2 वजह

**अमेरिकी टैरिफ से 90 दिन की राहत:**

9 अप्रैल को चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टालने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले के बाद वहां का बाजार 12% चढ़कर बंद हुआ था। वहीं अगले दिन सुबह यानी, 10 अप्रैल को एशियाई बाजारों में 10% तक की तेजी आई। भारतीय बाजार कल यानी गुरुवार 10 अप्रैल को महावीर जयंती के कारण बंद था। इसीलिए आज अमेरिकी और एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार ऊपर है।

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील होने की उम्मीद:**

90 दिनों की अस्थायी राहत से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) के बारे में चल रही चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है।

# सोना 96,450 रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

### चांदी 2,500 रुपए उछलकर 97,500 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखा गया। सोना 50 रुपए की तेजी के साथ 96,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के अब तक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं, औद्योगिक मांग में तेजी के चलते चांदी की कीमत 2,500 रुपए बढ़कर 97,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

### वैश्विक बाजार में भी तेजी का रुख



अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 13.67 डॉलर यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,224.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। हालांकि, एशियाई बाजारों में हाजिर चांदी की कीमत मामूली गिरावट के साथ 32.32 डॉलर प्रति औंस रही।

### डॉलर में कमजोरी और अनिश्चितता बनी वजह

विश्लेषकों का कहना है कि डॉलर की कमजोरी और अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर बनी अनिश्चितता ने निवेशकों को सोने की ओर आकर्षित किया है। इससे कीमतें उच्चतम स्तर के आसपास बनी हुई हैं।

### पावेल की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निगाहें

बाजार की नजर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की बुधवार को होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस पर है। निवेशक यह जानना चाहते हैं कि व्यापारिक तनाव या आर्थिक सुस्ती की स्थिति में फेड की क्या प्रतिक्रिया हो सकती है।

# मौजूदा समय में बफर पूंजी के उपयोग की नहीं है जरूरत

एजेंसी । मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को 'काउंटरसाइक्लिकल' यानी सुस्ती की स्थिति से निपटने के लिए तैयार बफर पूंजी का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि मौजूदा परिस्थिति में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने सीसीवाईबी की रूपरेखा को फरवरी, 2015 में दिशानिर्देशों के रूप में पेश किया था। इसमें यह सलाह दी गई थी कि परिस्थितियों के अनुरूप सीसीवाईबी को लागू किया जाएगा और इसके बारे में पहले से घोषणा की जाएगी। आरबीआई ने बयान में कहा, सीसीवाईबी संकेतकों की समीक्षा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि इस समय इसको लागू करना जरूरी नहीं है। इसे पेश 2015 में किया गया, लेकिन आरबीआई ने अबतक इसका उपयोग नहीं किया है।

# मार्च में व्यापार घाटा बढ़कर 1.84 लाख करोड़ हुआ

एजेंसी । नई दिल्ली

इंपोर्ट में बढ़ोतरी के कारण भारत का मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट यानी व्यापार घाटा मार्च 2025 में बढ़कर 21.54 बिलियन डॉलर (1.84 लाख करोड़ रुपए) हो गया है। ये पिछले महीने की तुलना में 34% ज्यादा है। फरवरी में व्यापार घाटा 14.05 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़ रुपए) था। वहीं मार्च में मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट सालाना आधार पर 0.7% बढ़कर 41.97 बिलियन डॉलर (3.60 लाख करोड़ रुपए) पहुंच गया है।

### फरवरी में व्यापार घाटा 3 साल में सबसे कम रहा



व्यापार घाटा फरवरी 2025 में घटकर 14.05 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़ रुपए) हो गया था। ये घाटा अगस्त 2021 बाद से सबसे कम है था। फरवरी में मर्चेंडाइस एक्सपोर्ट 3.20 लाख करोड़ रुपए रहा। जनवरी में ये 3.16 लाख करोड़ रुपए था। इसमें 1.25% की बढ़ोतरी हुई थी। फरवरी में इंपोर्ट की बात करें तो ये जनवरी के मुकाबले 13.59% कम रहा था। फरवरी में भारत का इंपोर्ट 4.42 लाख करोड़ रुपए रहा। ये जनवरी के मुकाबले 73,000 करोड़ रुपए कम था। जनवरी में भारत में 5.15 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट हुआ था।

### देश में इंपोर्ट 11.4% बढ़ा

इंपोर्ट की बात करें तो मार्च में भारत का इंपोर्ट 63.51 बिलियन डॉलर 5.44 लाख करोड़ रुपए रहा। ये फरवरी के मुकाबले 1.02 लाख करोड़ ज्यादा है। पिछले महीने भारत में 4.42 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट हुआ था।

# रुपया 33 पैसे चढ़कर 85.77 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में डॉलर की कमजोरी और घरेलू स्तर पर अनुकूल आर्थिक संकेतकों के चलते मंगलवार को रुपए में लगातार दूसरे दिन मजबूती देखी गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 33 पैसे की बढ़त के साथ 85.77 रुपए प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक शेयर बाजार में तेजी, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू मुद्रास्फीति के संतोषजनक आंकड़ों ने रुपए को समर्थन दिया। साथ ही अमेरिका द्वारा भारत पर प्रस्तावित 26% शुल्क को 9 जुलाई तक टालने के फैसले ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। कारोबार की शुरुआत में रुपया 85.85 के स्तर पर खुला था। दिनभर के कारोबार में यह 85.59 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। अंततः यह 85.77 पर स्थिर हुआ।

## मुंबई के मैदानों से

### मफतलाल स्पोर्ट्स क्लब विजयी




**मुंबई।** मैच की आखिरी गेंद पर विजयी रन लगाकर मफतलाल स्पोर्ट्स क्लब ने फाइनल में डीटीडीसी स्पोर्ट्स क्लब को तीन विकेट से पराजित करके डा. बाबासाहेब अंबेडकर कप के लिए खेले गए आरसीएफ टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। राष्ट्रीय केमिकल्स फर्टिलाईजर्स के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीटीडीसी स्पोर्ट्स क्लब ने जीत के लिए 203 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया। डीटीडीसी की ओर से गौतम वाघेला ने 62 रनों की और ओमकार घुले ने 57 रनों की उल्लेखनीय पारी खेली। मफतलाल स्पोर्ट्स क्लब ने दशरथ चव्हाण द्वारा बनाए नाबाद 103 रनों की मदद से सात विकेट गवांकर मैच को जीत लिया। डीटीडीसी के अनीश चौधरी के सर्वोत्तम बल्लेबाज, मफतलाल स्पोरट्स क्लब के कार्तिक मिश्रा को सर्वोत्तम गेंदबाज और दशरथ चव्हाण को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक घोषित किया गया।

### मुंबई पुलिस की तीसरी जीत

**मुंबई।** लेफ्ट ऑर्म स्पिनर यश महाले की घातक गेंदबाजी के चलते मुंबई पुलिस सिटी रॉईडर्स ने बांद्रा हीरोज को 48 रनों से पराजित करके 10वें मित्सुई शोजी टी- 20 क्रिकेट लीग में तीसरी जीत हासिल की। कलीना स्थित एयर इंडिया के मैदान पर मुंबई पुलिस सिटी रॉईडर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट गवांकर 194 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई पुलिस सिटी रॉईडर्स की ओर से हर्ष सालुंखे ने सर्वाधिक 47 रनों का योगदान दिया। बांद्रा हीरोज की बल्लेबाजी के दौरान यश महाले ने अपनी फिरकी गेंदबाजी से विपक्षी टीम के बल्लेबाजों को जमने का मौका नहीं दिया और पूरी टीम 17.2 ओवरों में 146 रनों पर सिमट गई।

## बांग्लादेश में सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगा भारत



एजेंसी | ढाका

भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की सीरीज के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी-20 द्विपक्षीय सीरीज और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी-20 मुकाबले मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी-20 चटगांव में होगा। यह दौरा एशिया कप टी-20 की तैयारी में भी मदद करेगा।

# दिल्ली स्पिन ट्रैक पर पटरी पर लौटना चाहेगी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स स्पिन ट्रैक पर बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कोटला का किला फतह करने के लिए अपने रास्ते पर लौटने की कोशिश करेगी। मुंबई से मिली हार के बाद टीम ने अपनी लय फिर से हासिल करने की योजना बनाई है। कप्तान अक्षर पटेल की अगुआई में दिल्ली की टीम एक बार फिर जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी।

- घर में मिली हार का भुलाकर राजस्थान के खिलाफ उतरेंगे कैपिटल्स
- कुलदीप और विपराज पर होगा दारोमदार




### राजस्थान की प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखने की कोशिश

राजस्थान रॉयल्स की टीम अपनी हार के क्रम को तोड़कर प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रही है। अब तक दो मैच ही जीतने वाली राजस्थान को जीत की वापसी के लिए अपनी टीम को एकजुट कर प्रदर्शन करना होगा।

### दिल्ली के गेंदबाजों पर टीम की उम्मीदें

दिल्ली के लिए अब सफलता की कुंजी स्पिन गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। कुलदीप यादव और विपराज निगम पर टीम की उम्मीदें होंगी, जबकि अक्षर पटेल अपनी प्रभावी गेंदबाजी से टीम को सफलता दिलाने की कोशिश करेंगे। हालांकि, अक्षर अब तक छः मैचों में 14 ओवर करने के बावजूद विकेट नहीं ले पाए हैं।

### राजस्थान के बल्लेबाजों की मुश्किलें

- राजस्थान रॉयल्स की टीम सैमसन की कप्तानी में अब तक सिर्फ दो मैच ही जीत पाई है। युवा ओपनर यशस्वी ने अब तक निरंतर प्रदर्शन नहीं किया है, जबकि सैमसन, पराग और जुरेल ने टुकड़ों में अच्छा खेल दिखाया है। टीम को अगर अपनी हार के बाद वापसी करनी है, तो उसे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की आवश्यकता होगी।

### आमने-सामने

- कुल मैच : 29
- दिल्ली जीता : 14
- राजस्थान जीता : 15

### गेंदबाजों की भूमिका में सुधार की आवश्यकता

राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों में संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी रनगति पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है, जबकि जोफ्रा आर्चर महंगे साबित हो रहे हैं। दोनों टीमों के लिए यह मैच महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि हर टीम अपनी कमजोरियों को सुधारने की कोशिश करेगी और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए एक महत्वपूर्ण जीत की आवश्यकता होगी

### नंबर गेम

- 2 मुकाबले दोनों ने पिछले साल खेले थे। एक में दिल्ली और एक में राजस्थान जीता था
- 12 साल से कोटला में जीता नहीं है राजस्थान। उसने पिछली बार दिल्ली को यहां 2013 में पांच रन से हराया था
- 4 रन दूर हैं स्टब्स दिल्ली की ओर से पांच सौ रन पूरे करने से। वह 19 मैचों में 55.11 की औसत से 496 रन बना चुके हैं

### सैमसन चार हजारी बनने के करीब

संजू सैमसन राजस्थान की ओर से चार हजार रन पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने के करीब हैं। इसके लिए उन्हें 65 रन की दरकार है। यह विकेटकीपर बल्लेबाज अब तक 146 मैचों में 31.48 की औसत औ 141.29 की स्ट्राइक रेट से 3935 रन बना चुका है। इसमें दो शतक और 23 अर्धशतक हैं। उनके बल्ले से 321 चौके और 186 छक्के भी निकल चुके हैं।

## श्रेयस अय्यर बने आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




एजेंसी | दुबई

भारत के कलात्मक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन

श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए 243 रन बनाए, जो उनके शानदार प्रदर्शन का हिस्सा था। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पछाड़ते हुए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता।

### दूसरा लगातार महीना जब भारतीय खिलाड़ी ने जीता पुरस्कार

यह लगातार दूसरा महीना है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले, शुभमन गिल ने फरवरी महीने के लिए यह सम्मान हासिल किया था।

### अय्यर ने किया आभार व्यक्त

श्रेयस अय्यर ने पुरस्कार मिलने पर कहा, ₹मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, खासकर उस महीने में जब हम चैंपियंस ट्रॉफी जीते थे। यह एक अविश्वसनीय क्षण है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा।₹ उन्होंने अपने साथियों, कोच और प्रशंसकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके समर्थन से यह उपलब्धि संभव हो पाई।

# सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदों का दारोमदार

- सुदीरमन कप के लिए सात्विक और चिराग की टीम में वापसी
- चोट के कारण गायत्री और जॉली की जोड़ी को नहीं मिली जगह




एजेंसी | नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु और लक्ष्य सेन पर सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारतीय उम्मीदों का दारोमदार होगा। सात्विक साईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी चोट से उबरकर टीम को मजबूती देगी। चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारतीय बैडमिंटन महासंघ (बाई) ने मंगलवार को 14 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया। भारत ने अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। भारत का पहला लक्ष्य नॉकआउट में जगह बनाना है। हालांकि टीम की राह आसान नहीं होगी। उसे ग्रुप डी में पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी। उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा चुनौती पेश करेंगी। वहीं पुरुष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है।

### नंबर गेम

- 27 अप्रैल से चार मई तक चीन में खेली जाएगी यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप
- 14 सदस्यीय टीम में आठ पुरुष और छह महिला खिलाड़ी शामिल
- 16 टीमें सात दिवसीय इस चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगी

### पहले पदक का इंतजार

भारतीय टीम इस चैंपियनशिप के 36 साल के इतिहास में पहले पदक का इंतजार है। टीम का पदक जीतना तो दूर कभी सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई है। 1989 में शुरू हुई इस चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल (2011, 2017) में पहुंचना रहा है। दो साल में होने वाली चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में भारतीय टीम ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

## आईएसएल फाइनल में बेंगलुरु के प्रशंसकों पर फेंके गए पटाखे

बेंगलुरु। बेंगलुरु फुटबॉल क्लब (बीएफसी) ने मंगलवार को दावा किया कि आईएसएल फाइनल के दौरान घरेलू टीम के कुछ प्रशंसकों द्वारा उनके समर्थकों पर किए गए हमले में क्लब के मालिक पार्थ जिंदल भी चोटिल हो गए हैं। यह घटना पिछले सप्ताह कोलकाता में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ हुए फाइनल मैच के दौरान हुई, जिसमें बेंगलुरु की टीम 1-2 से हार गई थी। बीएफसी ने बताया कि मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में एक जलता हुआ पटाखा फेंका गया, जिससे एक समर्थक की आंख में चोट आई और उसे इलाज की आवश्यकता पड़ी। इसके अलावा, क्लब के मालिक पार्थ जिंदल और अन्य समर्थकों को भी जलन और चोटें आईं। इस घटना के बाद, क्लब ने एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। बीएफसी ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है।

# टीम पर पड़ रहा रोहित की फॉर्म का असर : अंजुम

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा की खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है।

- 05 मैच में 56 रन ही बना सके हैं मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान
- 06 में से दो मैच ही मौजूदा सत्र में जीत सकी है पांड्या की टीम




### नहीं चला बल्ला

- मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में 0, 8, 13, 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया जबकि टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है। अंजुम ने मंगलवार को कहा, खराब फॉर्म कोई अपराध नहीं है लेकिन इससे टीम को मदद नहीं मिल रही।



### काफी ऊर्जा चाहिए

- अंजुम ने कहा, खेल में यह होता है। इस तरह के प्रदर्शन में काफी ऊर्जा की जरूरत होती है। हम टूर्नामेंट देख रहे हैं, आईपीएल हो या विश्व कप। लेकिन मुझे बताइए कि विश्व कप में क्या आप नहीं चाहेंगे कि आपका सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फॉर्म में हो। उन्होंने कहा, कई लोग उससे उबर जाते हैं और अगले टूर्नामेंट में ढल जाते हैं। उसे उस तरह की शुरुआत आईपीएल में मिल नहीं सकी। लेकिन हमें पता है कि वह किस दर्जे का खिलाड़ी है और किस तरह से मैच जिता सकता है।

## बॉ ली वु ड



### इब्राहिम ने पलक को डेट करने पर तोड़ी चुप्पी




सैफ अली खान के बेटे इब्राहीम अली खान ने फिल्म 'नादानियां' से बॉलीवुड में कदम रखा और उनकी डेब्यू फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि फिल्म की सफलता से ज्यादा इब्राहीम अपने हैंडसम लुक्स के चलते सुर्खियों में रहे। फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री से पहले ही इब्राहीम का नाम एक्ट्रेस पलक तिवारी से जुड़ चुका था। दोनों को कई बार साथ देखा गया और मालदीव में साथ छुट्टियां बिताने की खबरों ने इन अफवाहों को और हवा दी। अब पहली बार इब्राहीम ने इन डेटिंग रुमर्स पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और पूरे मामले पर खुलकर बात की है। इब्राहीम अली खान और पलक तिवारी की दोस्ती को लेकर सोशल मीडिया पर लंबे समय से चर्चाएं हो रही हैं। कई बार दोनों को एक साथ स्पॉट किया गया है, जिससे इनके अफेयर की अटकलें और भी तेज हो गईं। नेटिज़ेंस ने तो यह तक अंदाजा लगा लिया कि पलक अपनी एक तस्वीर में पटौदी पैलेस में मौजूद थीं। इसके अलावा, पलक को इब्राहीम, उनकी मां अमृता सिंह और बहन सारा अली खान के साथ गोवा ट्रिप पर भी देखा गया था। इन सभी पलों ने फैंस को इस बात का यकीन दिलाया कि दोनों के बीच सिर्फ दोस्ती से कहीं ज्यादा है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इब्राहीम अली खान ने इन चर्चाओं पर संक्षिप्त लेकिन साफ प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हां, वह बहुत प्यारी लड़की है, सुंदर है।

### रणदीप हुड्डा ने 'रंग दे बसंती' ठुकराने के पीछे की बताई वजह



राकेश ओमप्रकाश मेहरा की 'रंग दे बसंती' भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली और यादगार फिल्मों में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में आमिर खान, आर. माधवन, कुणाल कपूर, सोहा अली खान, सिद्धार्थ और शरमन जोशी जैसे दिग्गज कलाकारों ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों को प्रभावित किया था। हाल ही में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 'रंग दे बसंती' में उन्हें भी एक किरदार की पेशकश की गई थी। हालांकि, किन्हीं कारणों से वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन सके। रणदीप ने कहा कि यह फिल्म उनके करियर की एक बड़ी मिसिंग रह गई, लेकिन उन्होंने इसके लिए किसी तरह का पछतावा नहीं जताया। रणदीप हुडा फिलहाल फिल्म 'जाट' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर की है। इस मौके पर एक इंटरव्यू में रणदीप ने फिल्म 'रंग दे बसंती' का जिक्र किया। रणदीप हुड्डा ने कहा, ₹मुझे फिल्म 'रंग दे बसंती' में भगत सिंह का किरदार निभाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने मना कर दिया। बाद में सिद्धार्थ ने वो रोल निभाया।

### बॉलीवुड फिल्म में किसिंग सीन की शूटिंग पर बोले इमरान हाशमी



बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता इमरान हाशमी ने अपने करियर में कई तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। शुरुआती दौर में उन्हें उनकी बोल्ड फिल्मों के कारण 'सीरियल किसर' का टैग मिला था, लेकिन समय के साथ उन्होंने खुद को एक बहुमुखी कलाकार के रूप में स्थापित किया। 'शंघाई' और 'टाइगर-3' जैसी फिल्मों में उनके गंभीर और प्रभावशाली अभिनय ने यह साबित कर दिया कि वह सिर्फ रोमांटिक या बोल्ड किरदारों तक सीमित नहीं हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट बातचीत के दौरान इमरान ने शेयर किया कि यदि कोई अभिनेत्री किसी अंतरंग दृश्य को लेकर सहज महसूस नहीं करती थीं, तो वे क्या कदम उठाते थे। इमरान हाशमी ने अंतरंग दृश्यों के पीछे की सच्चाई बताते हुए इंटरव्यू में कहा, मैं अक्सर डायरेक्टर से बात करता हूं और अपने को-स्टार के साथ किए जाने वाले इंटीमेट सीन्स पर चर्चा करता हूं। हमें लगता है कि इंटीमेट सीन्स करते समय पारदर्शिता और सहजता होनी चाहिए। कई बार ऐसा हुआ है कि कोई को-स्टार इस तरह का किसिंग सीन करने के लिए तैयार नहीं होता या फिर अगर उस एक्टर को दिक्कत हो रही है तो हमने उस सीन को कैंसिल भी कर दिया है।


### 89 की उम्र में जिम में एक्सरसाइज करते दिखे धर्मेंद्र



फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेता अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान देते नजर आते हैं। आहार के साथ-साथ अभिनेता फिट रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम भी करते हैं। सेलिब्रिटी अक्सर व्यायाम करते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हैं। यही कारण है कि सेलिब्रिटी पचास साल की उम्र के बाद भी फिट दिखते हैं। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र 89 साल की उम्र में भी जिम में पसीना बहा रहे हैं। धर्मेंद्र ने अपने करियर के दौरान बॉलीवुड को प्रसिद्ध बनाया।

### रणवीर के साथ नजर आएंगी शरवरी वाघ

जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' का ऐलान हुआ है, यह लगातार किसी न किसी कारण चर्चा में है। खास बात यह है कि तीसरे भाग के हीरो शाहरुख खान नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'डॉन 3' में अभिनेत्री शरवरी वाघ की एंट्री हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, 'डॉन 3' की स्टार कास्ट में अब शरवरी शामिल हो गई हैं। फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया थी और कहानी सुनने के बाद अभिनेत्री तुरंत इसके लिए हामी भर दी है। शरवरी भी इतनी बड़ी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस साल के अंत तक फिल्म 'डॉन 3' की शूटिंग शुरू हो सकती है। 'डॉन' फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2006 में आई थी। 38 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया था। 'डॉन 2' 2011 में आई और इसने 203 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए। फरहान ने अपने प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले 'डॉन' और 'डॉन 2' बनाई थीं। वह दोनों फिल्मों के निर्देशक भी थे, वहीं रितेश सिद्धवानी ने फरहान के साथ मिलकर इन फिल्मों के प्रोडक्शन का काम संभाला था।



## प्रधानमंत्री मोदी 19 को कटरा से संगलदान खंड का करेंगे उद्घाटन

# दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल



- जम्मू से कटरा के रास्ते श्रीनगर जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे
- उद्घाटन के दिन दो वंदे भारत चलेंगी
- 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना की तैयारियां पूरी



एजेंसी I रियासी

जम्मू-कश्मीर में भारतीय रेलवे ने मंगलवार को इतिहास रच दिया, जब दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल रन किया गया। 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन (यूएसबीआरएल) के कटरा-संगलदान खंड पर यह ट्रेन चलाई गई। यह लाइन नई दिल्ली को कटरा के माध्यम से सीधे कश्मीर को जोड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से संगलदान खंड के अंतिम खंड का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के दिन दो वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी। इसमें एक श्रीनगर से कटरा और दूसरी कटरा से श्रीनगर तक चलेंगी।

### पीएम कर सकते हैं ट्रेन में यात्रा

अधिकारियों ने कहा कि ट्रायल रन चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के उद्घाटन की अंतिम तैयारियों का हिस्सा है। पीएम मोदी कटरा से कश्मीर के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे कटरा और बारामुल्ला के बीच ट्रेन सेवाओं का संचालन शुरू होगा और कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं।

### ट्रैक पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कटरा-सांगलदान सेक्शन के महत्वपूर्ण स्थानों पर और कश्मीर तक पूरे ट्रैक पर बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उद्घाटन संबंधी तैयारियां पूरी हो गई हैं। यह पूरा इलाका कश्मीर के धार्मिक, पर्यटन और संपर्क के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। उनके मुताबिक, यह पुल कश्मीर घाटी को पूरे भारत से हर मौसम में रेल मार्ग से जोड़ेगा। रेलवे ने पिछले तीन महीनों में कटरा-कश्मीर ट्रैक के विभिन्न खंडों पर आठ परीक्षण किए हैं। इसमें भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खाद पुल और कौरी में चिनाब पर प्रतिष्ठित आर्च ब्रिज जैसे प्रमुख मील के पत्थर शामिल हैं।

### दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के तथ्यों पर नजर

- 1,315 मीटर तक फैला है पुल
- 467 मीटर लंबी है पुल की मुख्य मेहराब
- 266 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की गति को झेलने में सक्षम
- कुतुब मीनार से लगभग पांच गुना ऊंचा है
- 28 हजार मीट्रिक टन से अधिक स्टील का इस्तेमाल हुआ निर्माण में
- नदी तल से 359 मीटर ऊपर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है

### चरणों में शुरू हुई थी परियोजना

अधिकारियों के मुताबिक, कुल 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना में से 209 किलोमीटर को चरणों में चालू किया गया था। इसमें 118 किलोमीटर का काजीगुंड-बारामुल्ला खंड का पहला चरण अक्तूबर, 2009 में शुरू हुआ था। इसके बाद जून, 2013 में 18 किलोमीटर बनिहाल-काजीगुंड, जुलाई 2014 में 25 किलोमीटर उधमपुर-कटरा और फरवरी, 2024 में 48.1 किलोमीटर लंबा बनिहाल-संगलदान खंड चालू हुआ था। 46 किलोमीटर लंबे संगलदान-रियासी खंड का काम भी पिछले साल जून में पूरा हो गया था। वहीं रियासी और कटरा के बीच 17 किलोमीटर का खंड दिसंबर, 2024 में पूरा हुआ।

## मुर्शिदाबाद सांप्रदायिक हिंसा

# पिता-पुत्र की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

- अब तक हिंसा में 221 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



एजेंसी I कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान पिता-पुत्र की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कालू नादर और दिलदार नादर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी जाफराबाद इलाके के निवासी हैं।

### घर में मिली थी लहूलुहान लाशें

शवों की पहचान हरगोविंद दास और उनके बेटे चंदन दास के रूप में हुई थी, जो जाफराबाद इलाके में अपने घर में मृत पाए गए थे। दोनों के शरीर पर चाकू के कई वार के निशान थे। यह घटना वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान हुई थी।

### सीमा पार भागने की फिराक में था एक आरोपी

पुलिस ने बताया कि कालू नादर को बीरभूम जिले के मुरारई से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका भाई दिलदार नादर सुती में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास से पकड़ा गया। माना जा रहा है कि वह सीमा पार भागने की कोशिश कर रहा था।

### SIT गठित, 221 लोग अब तक गिरफ्तार

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। अधिकारी ने बताया कि इलाके से सीसीटीवी फुटेज जुटाए गए हैं, जिनकी मदद से घटना में शामिल कई लोगों की पहचान की जा चुकी है। अब तक इस सांप्रदायिक हिंसा से जुड़े मामलों में कुल 221 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# किशोर ने वृद्धा की बेरहमी से की हत्या

- वीडियो बनाकर परिजनों को भेजा, शव पर कूदते हुए नजर आया आरोपी




एजेंसी I हैदराबाद

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। कुशईगुडा इलाके में एक किशोर ने 75 वर्षीय वृद्धा की बेरहमी से हत्या कर दी। हैरान कर देने वाली बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपी ने शव पर कूदते हुए वीडियो बनाया और उसे महिला के परिजनों को भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी किशोर पीड़िता की दुकान पर काम करता था। घटना 11 अप्रैल की है जब आरोपी ने कथित रूप से महिला के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने महिला के गले में साड़ी बांधकर उसे पंखे से लटका दिया। हत्या के बाद आरोपी ने न सिर्फ वीडियो रिकॉर्ड किया, बल्कि उसे महिला के रिश्तेदार को भी भेज दिया। वीडियो में वह मृतका के शव पर कूदता हुआ साफ नजर आ रहा है। शिकायत मिलने के बाद जब पुलिस सोमवार को घर पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो अंदर महिला का क्षत-विक्षत शव मिला।

### पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर को फिर राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से संरक्षण देने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया। पूजा पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई 21 अप्रैल को तय की। कोर्ट ने कहा कि तब तक उन्हें गिरफ्तारी से दिया गया अंतरिम संरक्षण जारी रहेगा। इस बीच वकील ने पीठ को बताया कि उनकी ओर से एक जवाबी हलफनामा दायर किया गया है, लेकिन यह अदालत के रिकॉर्ड में नहीं दिख रहा है। फिर पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मुस्लिमों को निराश किया : पीडीपी

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के सत्तारूढ़ दल नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ आवाज नहीं उठाकर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने देश के मुस्लिमों को निराश किया है। इल्तिजा ने कहा, 'फारूक अब्दुल्ला को हमें बताना चाहिए कि उनकी पार्टी ने वक्फ विधेयक के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव क्यों नहीं लाया, जबकि जम्मू-कश्मीर भारत का एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य है। केवल जम्मू-कश्मीर के मुस्लिम ही नहीं, बल्कि देश के बाकी हिस्सों के मुस्लिम भी हमारी ओर देख रहे हैं, लेकिन नेकां ने उन्हें बुरी तरह निराश किया है।

### बूढ़ों का देश बना जापान, एक तिहाई 65 के पार

**मास्को।** जापान की आबादी में लगातार 14वें साल गिरावट दर्ज की गई है। जन्मदर की कमी के संकट से जूझ रहे जापान के लिए यह हालात चिंताजनक हैं। जापान की सरकार ने जन्मदर में इजाफे के लिए अलग से मंत्रालय तक का गठन किया है और युवाओं को संबंध बनाने एवं शादी करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके बाद भी युवा वर्ग में परिवार बढ़ाने को लेकर उदासीनता की स्थिति है। 2024 के जो आंकड़े आए हैं, उसके मुताबिक देश में 65 साल से अधिक आयु के लोगों की संख्या 29.3 फीसदी है। जापान के गृह मंत्रालय की ओर से सोमवार को यह आंकड़ा जारी किया गया। अक्टूबर के आंकड़ों के अनुसार जापान की कुल आबादी जापानियों और वहां रहने वाले विदेशियों को मिलाकर 12.3 करोड़ है। यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले 5 लाख 50 हजार कम है।




### गुजरात से संगठन सृजन अभियान शुरू करेंगे राहुल गांधी

**अरवल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को गुजरात के अरावली जिले के मोडासा क्षेत्र में 'संगठन सृजन अभियान' का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों को सशक्त बनाकर पार्टी के संगठन को मजबूत बनाना और जवाबदेही की एक नई प्रणाली शुरू करना है। पार्टी के अभियान की शुरुआत करने के लिए राहुल गांधी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। यह पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 2025 को 'संगठनात्मक सुधारों का वर्ष' बनाने के आह्वान के अनुरूप एक कार्यक्रम है। वहीं एक हफ्ते पहले अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) की बैठक के दौरान भी इस प्रतिबद्धता को दोहराया गया था।



### जाली पासपोर्ट रैकेट ध्वस्त करने में जुटी ईडी

- बंगाल में एक साथ आठ स्थानों पर छापेमारी




एजेंसी I कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सक्रिय जाली पासपोर्ट रैकेट को ध्वस्त करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने राज्य में एकसाथ आठ ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापे कोलकाता, उत्तर 24 परगना और नादिया जिले समेत कई स्थानों पर मारे गए। जांच से जुड़े अधिकारी ने बताया कि छापेमारी कोलकाता के बेकबागान, उत्तर 24 परगना के बिराती, नादिया जिले के गेदे और अन्य पांच स्थानों पर की गई। ये सभी ठिकाने उन एजेंटों से मिली जानकारी और दस्तावेजों के आधार पर चिह्नित किए गए थे।

#### पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तारियां

इससे पहले कोलकाता पुलिस ने इस रैकेट में शामिल एक सेवानिवृत्त दरोगा समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। मार्च में पुलिस ने मामले में अदालत के समक्ष आरोपपत्र भी दाखिल किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपपत्र में कुल 130 नाम शामिल हैं, जिनमें से 10 आरोपी भारतीय हैं जबकि बाकी सभी बांग्लादेश के नागरिक बताए जा रहे हैं। इस गिरोह पर भारत में जाली दस्तावेज़ों के जरिए पासपोर्ट बनवाने और अवैध रूप से देश में प्रवेश कराने का आरोप है।

## यूपीआई प्रणाली में बार-बार हो रही गड़बड़ी ने चिंता बढ़ाई

**इंफो**

- प्रतिदिन यूपीआई से लेन-देन - 60 करोड़ से अधिक
- प्रतिदिन धनराशि का लेन-देन - 82.5 हजार करोड़ से अधिक

एजेंसी I नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान के प्रमुख माध्यम यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पिछले एक महीने में तीन बार यूपीआई का लेनदेन प्रभावित हुआ है, जिसके कारण लोगों को दैनिक गतिविधियों में परेशानियों का सामना करना पड़ा। सर्वर में खराबी के कारण लोग यात्रा, खान-पान और खरीदारी के समय भुगतान नहीं कर पाए। राष्ट्रीय भुगतान निगम लिमिटेड (एनपीसीआई) द्वारा 2016 में शुरू किए गए यूपीआई सिस्टम में यह पहली बार हुआ है, जब सर्वर में कोई खराबी आई और लेन-देन पूरी तरह से ठप हो गया। अब यह चिंता जताई जा रही है कि अगर भविष्य में सर्वर के चलते लेन-देन घंटों नहीं, बल्कि दिनों तक प्रभावित रहता है, तो इससे पूरे देश का जन-जीवन प्रभावित हो सकता है।




#### कब-कब हुआ लेनदेन प्रभावित

- 26 मार्च - तीन घंटे से अधिक
- 02 अप्रैल - करीब दो घंटे
- 12 अप्रैल - तीन से चार घंटे

(बीच-बीच में प्रभावित होता रहा)

#### सर्वर क्षमता में कमी का कारण ओवरलोड


एनपीसीआई ने इस समस्या की जांच के लिए अपनी तकनीकी टीम को जिम्मा सौंपा है। सूत्रों के मुताबिक, तकनीकी टीम का कहना है कि सर्वर की क्षमता के बावजूद ओवरलोड के कारण ये समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। फरवरी में यूपीआई के जरिए रोजाना करीब 51-52 करोड़ लेन-देन हो रहे थे, लेकिन मार्च में यह संख्या बढ़कर 60 करोड़ तक पहुंच गई। इसके चलते सर्वर की क्षमता पर दबाव बढ़ा है।

#### भविष्य में यूपीआई की वैश्विक विस्तार योजना को खतरा

एनपीसीआई से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यूपीआई के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के साथ ऐसी तकनीकी समस्याएं नहीं आनी चाहिए, खासकर तब जब भारत दूसरे देशों में भी यूपीआई की सेवाएं दे रहा है और भविष्य में अन्य देशों को भी जोड़ने की योजना है। यदि इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं होता है, तो देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली पर व्यापक असर पड़ सकता है।

## सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

- मौसम विभाग ने जारी किया मानसून अपडेट
- 105% बारिश की उम्मीद, अल नीनो का खतरा नहीं



एजेंसी I नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग ने मंगलवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि 2025 में 105% यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (LPA) 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है।

#### सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान

मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल मराठवाड़ा और उससे सटे तेलंगाना में।

#### सामान्य से कम बारिश का अनुमान

बिहार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में।

## तमिलनाडु सरकार अपने अधिकार बढ़ाने के लिए लाएगी बिल

- स्टालिन ने 3 सदस्यीय कमेटी बनाई
- भाजपा बोली- ये अलगाववादी मानसिकता




एजेंसी I चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को राज्य के अधिकारों को बढ़ाने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस कुरियन जोसेफ करेंगे। समिति का मुख्य उद्देश्य उन मामलों को फिर से स्टेट लिस्ट में लाने की सिफारिश करना है, जो पहले राज्य सरकार देखती थी, लेकिन अब केंद्र और राज्य दोनों के अधीन हो गए हैं। इस कमेटी में पूर्व अधिकारी अशोक शेट्टी और एमयू नागराजन भी शामिल होंगे। समिति को अपनी अंतरिम रिपोर्ट जनवरी 2026 तक और अंतिम रिपोर्ट 2028 तक पेश करने का कार्य सौंपा गया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने विधानसभा में कहा कि इस कदम का उद्देश्य तमिलनाडु सहित सभी राज्यों के अधिकारों की रक्षा करना और केंद्र सरकार के साथ बेहतर संबंध बनाना है।

#### NEET से छूट की मांग और टकराव

यह निर्णय उस समय आया है जब राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच शिक्षा जैसे मुद्दों पर टकराव जारी है, खासकर NEET परीक्षा को लेकर। तमिलनाडु सरकार ने NEET से छूट की मांग की थी, और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा इसे अस्वीकार किए जाने के बाद स्टालिन ने कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करने का संकेत दिया। इस पर BJP ने कहा कि NEET परीक्षा से छात्रों को योग्यता के आधार पर मेडिकल प्रवेश मिल रहा है और पहले रिश्वत की प्रथा थी।

#### राज्यपाल के साथ टकराव

राज्यपाल आर.एन. रवि और राज्य सरकार के बीच भी लंबे समय से टकराव बना हुआ है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल रवि को फटकार लगाई थी और कहा था कि उन्होंने तमिलनाडु विधानसभा के पारित 10 विधेयकों को बिना अधिकार के लंबे समय तक रोके रखा था। राज्यपाल के पावर को कम करते हुए निर्णय लेने की समय सीमा को 1 महीने कर दिया था।

**फैसला** सभी राज्य नवजात तस्करी के मामले 6 महीने में निपटाएं : सुप्रीम कोर्ट

# हॉस्पिटल से बच्चा चोरी हुआ तो लाइसेंस होगा रद्द

- कोर्ट ने यूपी सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी I नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नवजात शिशु तस्करी के एक मामले में यूपी सरकार फटकार लगाई और राज्यों के लिए कुछ जरूरी नियम जारी किए। कोर्ट ने कहा- अगर किसी हॉस्पिटल से नवजात की तस्करी होती है तो उसका लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाए। डिलीवरी के बाद बच्चा गायब होता है तो हॉस्पिटल की जवाबदेही होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा- देशभर के सभी हाईकोर्ट अपने राज्यों में बच्चों की तस्करी से जुड़े लंबित मामलों की स्टेट्स रिपोर्ट मंगवाएं। सभी की सुनवाई छह महीने के भीतर पूरी करें। केस में हर दिन सुनवाई होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट नवजात तस्करी के उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उत्तर प्रदेश के एक दंपती ने 4 लाख रुपए में तस्करी किया गया बच्चा खरीदा। क्योंकि उन्हें बेटा चाहिए था। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया।



#### विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति

- शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार को जल्द से जल्द आपराधिक मुकदमों में तीन विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति करने को कहा है। साथ ही राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि वह पीड़ितों और उनके परिवारों को मुकदमे के दौरान यथाशीघ्र पुलिस सुरक्षा प्रदान करे, ताकि साक्ष्यों से छेड़छाड़ को रोका जा सके।

#### पीड़ितों का स्कूलों में प्रवेश

- शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को तस्करी किए गए बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार स्कूलों में प्रवेश देने और उनकी शिक्षा के लिए सहायता प्रदान करना जारी रखने को कहा है। मुकदमे के अंत में, संबंधित ट्रायल कोर्ट भूमि कल्याण समिति द्वारा प्रबंधित उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष सहित बीएनएसएस 2023 के प्रावधानों के तहत पीड़ितों को मुआवजे के संबंध में उचित आदेश पारित करेगा।

#### उच्च न्यायालय और यूपी सरकार की खिंचाई

- सुप्रीम कोर्ट ने अंतर-राज्यीय बाल तस्करी से जुड़े कई मामलों में 13 आरोपियों को जमानत देने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती नहीं देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की खिंचाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि उत्तर प्रदेश ने गंभीर प्रकृति के अपराधों से जुड़े मामले होने के बाद भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा आरोपियों को दी गई जमानत को चुनौती नहीं दी। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही, मामले की गंभीरता को समझे बगैर लापरवाही पूर्ण तरीके से जमानत देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय को भी आड़े हाथ लिया।

#### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट ने मामले में उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सभी 13 आरोपियों की जमानत को रद्द कर दिया है। साथ ही, सभी आरोपियों को संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। साथ ही, अदालत को आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर आरोपियों को पेश किया जाएगा। साथ ही, कहा है कि यदि ट्रायल कोर्ट के संज्ञान में यह लाया जाता है कि कुछ आरोपी फरार हो गए हैं या उनके ठिकाने का पता नहीं है, तो ट्रायल कोर्ट गैर-जमानती वारंट आदि जारी करके उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाएगा।